हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 29 सितंबर 2025 | अंक 345/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# भारत को जीत का 'तिलक'...

## फाइनल में पाकिस्तान को रगड़ दिया, 9वीं बार बना एशिया का चैम्पियन



**दबई.** पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया 9वीं बार एशिया का चैम्पियन बना है. भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. पाकिस्तान की टीम 146 रनों पर सिमट गई थी. इसके जवाब में भारत ने आखिरी ओवर में ये मुकाबला जीत लिया. तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रनों की पारी खेली और कुलदीप ने 4 विकेट झटके. टारगेट का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही. उसने दूसरे ही ओवर में इनफॉर्म बैटर अभिषेक शर्मा (5 रन) का विकेट गंवा दिया. अभिषेक को फहीम अशरफ ने हारिस रऊफ के हाथों कैच आउट कराया. कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म जारी रही और वो 1 रनों के निजी स्कोर पर शाहीन आफरीदी का शिकार बने. चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर गिल भी अपना विकेट गंवा बैठे. गिल के बल्ले से 12 रन निकले. इसके बाद संजू सैमसन और तिलक वर्मा के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई. लेकिन 13वें ओवर में अबरार ने संजू सैमसन को आउट कर दिया. सैमसन के बल्ले से 24 रन आए. इसके बाद दुबे और तिलक के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई. एक समय पर भारत को जीत के लिए 2 ओवर में 17 रन चाहिए थे. आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे. विनिंग शॉट रिंकू सिंह के बल्ले से आया.

पाकिस्तान की ओर से पारी की शुरुआत साहिबजादा फरहान और फखर जमां ने की. दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी करना शुरू किया. पहला ओवर शिवम दुबे ने किया और केवल 4 रन खर्च किए. पावरप्ले में पाकिस्तान ने 45 रन बनाए. हालांकि, पाक ने कोई विकेट नहीं गंवाया. फरहान ने केवल 35 गेंद में ही फिफ्टी जड़ी. लेकिन 10वें ओवर में वरुण ने फरहान का विकेट चटका दिया. फरहान ने 38 गेंद में 57 रनों की शानदार पारी खेली. इसके बाद 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने सैम अयूब का विकेट झटका. अयूब के बल्ले से 14 रन आए. इसके बाद 14वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस का विकेट झटक लिया. हारिस खाता नहीं खोल सके. 15वें ओवर में पाकिस्तान को चौथा झटका लगा जब वरुण ने फखर को आउट किया. फखर के बल्ले से 46 रन आए. इसके बाद 16वें ओवर में अक्षर पटले ने हुसैन तलत का विकेट झटक लिया. इसके बाद पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई. अगले ओवर में कुलदीप ने कप्तान सलमान आगा का विकेट झटक लिया. इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन को भी निपटा दिया. शाहीन खाता भी नहीं खोल सके. इसी ओवर में कुलदीप ने फहीम का भी विकेट लिया. यानी कुलदीप ने इस ओवर में तीन विकेट लिए. इसके बाद बुमराह का कहर दिखा और पाकिस्तान की पारी 146 पर सिमट गई. कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए. वरुण-बुमराह और अक्षर को 2-2 विकेट मिले.



### गृह मंत्री अमित शाह का ऐलान

# '31 मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त होगा भारत'



**नई दिल्ली.**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन (एसपीआरएमएफ़) द्वारा रविवार, 28 को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'भारत मंथन 2025- नक्सल-मुक्त भारत' कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत को 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त कर दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं है, यह एक वैचारिक आंदोलन भी है, जिसका पोषण वर्षों तक कुछ लोगों द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में नक्सलवाद क्यों विकसित हुआ? इसका वैचारिक पोषण किसने किया? जब तक भारत का समाज नक्सलवाद के विचार का वैचारिक पोषण, लीगल समर्थन और वित्तीय सहायता करने वाले समाज में बैठे लोगों को समझ नहीं लेता है और उन लोगों को हम वापस नहीं लाते हैं, तब तक नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई समाप्त नहीं होगी. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कई लोग मानते हैं कि नक्सलियों द्वारा की जा रही हत्याओं को रोकना ही भारत से नक्सलवाद का सफाया करने के लिए पर्याप्त है.

### 'आप हथियार डाल दें, पुलिस गोली नहीं चलाएगी'

अमित शाह ने कहा कि हाल ही में भ्रम फैलाने के लिए एक पत्र लिखा गया जिसमें कहा गया कि अब तक जो कुछ हुआ है वह एक भूल थी, युद्धविराम घोषित किया जाना चाहिए और हम आत्मसमर्पण करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि कोई युद्धविराम नहीं होगा. उन्होंने साफ कहा कि अगर आप आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, तो युद्धविराम की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि आप अपने हथियार डाल दीजिए. पुलिस एक भी गोली नहीं चलाएगी और आपका पुनर्वास करेंगे.

### '290 नक्सली मारे गए, 1090 नक्सली गिरफ्तार'

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हम किसी को मारना नहीं चाहते, लेकिन अगर कोई किसी निर्दोष को मरेगा तो उनको बचाना हमारा काम है. उन्होंने कहा कि जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं उनके लिए हमारी सरकार में रेड कार्पेट है. लेकिन जो हथियार उठाएगा उसको जबाव मिलेगा. अगर कोई बंदूक उठाएगा तो गोली का जवाब सरकार गोली से देगी. उन्होंने डाटा शेयर करते हुए बताया कि साल 2024 में नक्सल के खिलाफ अभियान में 290 नक्सली मारे गए, जो हथियार के साथ थे. इसके अलावा 1090 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया.वहीं 881 नक्सलियों ने खुद का आत्मसर्पण कर दिया.

### 'जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त किया'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया. पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एक सुनियोजित नीति के तहत काम किया गया. उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों की मृत्यु में 65% और नागरिकों की मृत्यु में 77% की कमी आई है. आज वहां हर कानून लागू है. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए. एक समय वहां से सांसद 10,000 वोटों से चुने जाते थे क्योंकि चुनावों का बहिष्कार किया जाता था. जिला और तालुका पंचायत अध्यक्ष चुनावों में 99.8% मतदान हुआ.

# करूर में विजय की रैली में भगदड़, 40 से अधिक मृत, सैंकड़ों घायल




**तमिलनाडु.** अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय की रैली में रविवार को हुई भगदड़ में अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैंकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा करूर के उस स्थान पर हुआ जहां 10,000 लोगों के बैठने की क्षमता थी, लेकिन रैली में करीब 27-30 हजार लोग जमा हो गए थे। भीड़ में हुई इस भगदड़ ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। घायल लोगों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में जारी है, और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। टीवीके ने सीबीआई/ एसआईटी जांच की मांग की, मद्रास हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, टीवीके ने इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग की है और मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

**पार्टी के वकील ने कोर्ट से स्वतः** संज्ञान लेने और पूरी पारदर्शिता के साथ जांच सुनिश्चित करने की अपील की है। याचिका में कहा गया है कि केवल स्वतंत्र एजेंसी ही इस त्रासदी के कारणों और चूक को उजागर कर सकती है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने पीड़ितों से की मुलाकात, आर्थिक सहायता का ऐलान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन रविवार सुबह करूर पहुंचे और उन्होंने मृतकों के परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। वहीं, डिप्टी मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने टीवीके पार्टी पर जानबूझकर भीड़ बढ़ाने का आरोप लगाया है। सरकार ने गठित किया जांच आयोग, पुलिस ने टीवीके पर लगाया सुरक्षा उल्लंघन का आरोप, तमिलनाडु सरकार ने रिटायर्ड हाईकोर्ट जज अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग गठित किया है, जो सोमवार से मामले की जांच शुरू करेगा।

### भगदड़ कैसे मची?

रैली दोपहर 12:30 बजे शुरू होने वाली थी, लेकिन विजय लगभग 7:40 बजे पहुंचे। भीड़ सुबह से जमा होना शुरू हो गई थी। लंबी देरी और अत्यधिक भीड़ के कारण सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई और भगदड़ मच गई। कई लोग घंटों धूप और भीड़ में फंसे रहे, जिससे हालात और बिगड़े।

# विश्व नदी दिवस 2025: नदियों के संरक्षण पर जागरूकता



**नई दिल्ली.** दुनिया भर में जल के बिना जीवन असंभव है। मानव सभ्यता की शुरुआत उन्हीं जगहों पर हुई जहां आसानी से जल उपलब्ध हो सका। जल का सबसे अच्छा साधन नदी होती है। नदियों का का मानव जीवन में विशेष महत्व होता है। तमाम नदियों के किनारे ही मानव सभ्यताएं शुरू हुईं और इनका विकास भी होता गया। आज भी कई शहर ऐसे हैं जो किसी न किसी नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। भारत में तो नदियों को देवी और मां की संज्ञा दी गई है। ऐसे में नदियों के महत्व को इग्नोर नहीं किया जा सकता है।

नदियां हमारे जीवन का आधार हैं और हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। आज दुनिया भर में विश्व नदी दिवस मनाया जा रहा है। दरअसल, विश्व नदी दिवस हर साल सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों के बीच नदियों के महत्व के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। इसके अलावा लोगों को नदियों के संरक्षण के बारे में संदेश देना और जनता को यह प्रेरित करना कि वे नदियों की सेहत बनाए रखने में सहभागी बनें। विश्व नदी दिवस लोगों, संगठनों और सरकारों को यह सोचने और काम करने के लिए प्रेरित करता है कि कैसे हम अपनी नदियों की रक्षा कर सकते हैं, उन्हें पुनर्स्थापित कर सकते हैं और प्रदूषण को रोक सकते हैं.

# महाराष्ट्र में बारिश से बिगड़े हालात

## सीएम फडणवीस ने की जिलों की समीक्षा



**मुंबई.** महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से हालात बेहद खराब हो गए हैं. खासतौर पर मुंबई और उसके आसपास के जिलों में शनिवार देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं. सीएम बारिश और बाढ़ की स्थिति पर जिलाधिकारियों के साथ संपर्क में हैं. रविवार को मुख्यमंत्री फडणवीस ने मराठवाड़ा के आठ जिलों और सोलापुर में वर्षा की स्थिति और राहत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को जमीनी स्तर पर प्रयास तेज करने का निर्देश दिया. सीएम ने छत्रपति संभाजीनगर, बीड, हिंगोली, जालना, लातूर, नांदेड, धाराशिव, परभणी और सोलापुर जिलों की स्थिति की समीक्षा की. इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राहत शिविरों में भोजन, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाए. इसके साथ ही उन्होंने कई जिलों में चारे की कमी को देखते हुए तुरंत आपूर्ति बढ़ाने के आदेश भी दिये.

साथ ही भारी बारिश के कारण बांधों से पानी छोड़े जाने की मात्रा में वृद्धि होने के मद्देनजर सीएम ने संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को पहले ही निकालने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया. मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सीएम ने अधिकारियों को राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. सीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में रहना चाहिए और राहत एवं बचाव कार्यों पर बारीकी से नजर रखनी चाहिए. वहीं कुछ क्षेत्रों में चारे की कमी की खबरों पर संज्ञान लेते हुए सीएम ने पशुओं के लिए चारे की तत्काल आपूर्ति के निर्देश दिये. सीएम ने राज्य भर के बांधों से पानी छोड़े जाने की स्थिति की समीक्षा की और जल संसाधन विभाग को स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने एवं पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया.

# बिहार को नई रेल सेवाओं की बड़ी सौगात




**पटना.** बिहार को आधुनिक रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना जं. से 07 ट्रेनों की सौगात बिहार को देंगे, जिनमें 03 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। रेल सेवाओं में आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना-बक्सर, झाझा- दानापुर, पटना -इसलामपुर तथा शेखपुरा-बरबीघा के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन के चालू हो जाने से बरबीघा- अस्थावां -बिहार शरीफ रेलखंड पर (जिसका पिछले दिनों सीआरएस निरीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है) ट्रेनों के परिचालन का इस क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना पूरा हो जाएगा। कितनी अमृत भारत ट्रेनें, 1. दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस. 2. सहरसा- लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस. 3. राजेन्द्रनगर टर्मिनल -नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस. 4. बापूधाम मोतिहारी -आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस. 5. दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस. 6. मालदा टाउन-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस. 7. सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस. 8. गया -दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस. 9. जोगबनी- ईरोड- जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस. 10. सहरसा-छैहरटा (अमृतसर)- सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस. 11. मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस. 12. ब्रह्मपुर-उधना (सूरत) अमृत भारत एक्सप्रेस. 13. मुज़फ़्फ़रपुर- चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस (29 सितंबर से प्रारंभ). 14. छपरा- दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस (29 सितंबर से प्रारंभ). 15. दरभंगा-मदार (अजमेर) अमृत भारत एक्सप्रेस (29 सितंबर से प्रारंभ). बिहार को बड़ी सौगात पटना-इसलामपुर पैसेंजर एवं नवादा-पटना पैसेंजर का परिचालन नई लाइन जट डुमरी- फाजिलचक- तोपसरथुआ-दनियावां के रास्ते किया जाएगा.




CMYK

## एलपीजी सप्लायर बदलना हुआ आसान

# गैस सिलेंडर भी पोर्टिंग के दायरे में

**नई दिल्ली.**



क्या आप अपने रसोई गैस सप्लायर से नाराज हैं? अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है. मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस ग्राहकों को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना सप्लायर को बदलने की इजाजत मिल जाएगी.

इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी. तेल नियामक पीएनजीआरबी ने एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी' मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं से सुझाव मांगे हैं. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.

टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा.उस समय

### कब शुरु हुई थी योनजा

इसमें कहा गया, 'अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो." तत्कालीन सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था.

कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था.

# शराब कंपनी का आईपीओ प्लान, बाजार में बढ़ेगी पकड़

**नई दिल्ली.**




अल्कोब्रू डिस्टिलरीज की शुरुआत साल 2002 में हुई थी. उस समय यह एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी थी, लेकिन 2022 में इसे पब्लिक लिमिटेड में तब्दील कर दिया गया. कंपनी का हेडक्वार्टर हरियाणा के गुरुग्राम में है और इसके ब्रांड्स खास तौर पर युवाओं में काफी मशहूर हैं. आज अल्कोब्रू के पास कुछ लोकप्रिय शराब ब्रांड हैं, जैसे गोल्फर्स शॉट, व्हाइट एंड ब्लू, व्हाइट हिल्स और वन मोर. इनमें से गोल्फर्स शॉट और व्हाइट एंड ब्लू खासकर प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में पसंद किए जाते हैं. कंपनी इस आईपीओ के जरिए करीब 258 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है. साथ ही कंपनी के प्रमोटर रोमेश पंडिता लगभग 1.8 करोड़ शेयर्स बेचने वाले हैं. इसके अलावा, अल्कोब्रू प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के जरिए भी करीब 51 करोड़ रुपए जुटाने पर विचार कर रही है. अगर यह प्लेसमेंट होता है तो आईपीओ का आकार उसी हिसाब से घट जाएगा. अल्कोब्रू की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हिमाचल प्रदेश के सोलन और पंजाब के डेरा बस्सी में स्थित हैं. इन दोनों जगहों पर शराब की डिस्टिलेशन से लेकर बॉटलिंग तक का पूरा काम होता है. कंपनी सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसके प्रोडक्ट्स की 20 से ज्यादा देशों में मांग है. अल्कोब्रू की शराब अफ्रीका, मिडिल ईस्ट और एशिया के बाजारों में जाती है. इसके मुख्य एक्सपोर्ट मार्केट में यूगांडा, केन्या, मोजाम्बिक, तंज़ानिया, नेपाल, ओमान और यूएई शामिल हैं. वित्त वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक, कंपनी ने 1615 करोड़ रुपए की कमाई की है और इसका शुद्ध मुनाफा 69 करोड़ रुपए रहा है. यह आंकड़े पिछले कुछ वर्षों की तुलना में कहीं बेहतर हैं, जिससे यह साफ होता है कि कंपनी लगातार ग्रोथ कर रही है. इसी ग्रोथ को और आगे ले जाने के लिए अब यह आईपीओ लाया जा रहा हैं.

# 'पीएम किसान' की 21वीं किश्त का लाभ किसानों को मिला

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के तीन बड़े राज्यों (हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड) के किसानों को 21वीं किश्त भेज दी गई है. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को ये राशि समय से पहले जारी की.



खास बात ये है कि ये पैसे उन राज्यों के किसानों के लिए भेजे गए हैं, जहां हाल ही में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से काफी नुकसान हुआ है. सरकार ने इस बार 27 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में सीधे बैंक के जरिए कुल 540 करोड़ रुपये से ज्यादा भेजे हैं. इनमें करीब 2.7 लाख महिला किसान भी शामिल हैं.

पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड के किसानों को बड़ी रकम मिली है. इस बार हिमाचल प्रदेश के 8 लाख 1 हजार 45 किसानों के खातों में 160.21 करोड़ रुपये भेजे गए हैं. वहीं पंजाब के 11 लाख 9 हजार 895 किसानों को 221.98 करोड़ रुपये मिले हैं और उत्तराखंड के 7 लाख 89 हजार 128 किसानों के खाते में 157.83 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं.

कृषि मंत्री ने कहा कि ये रकम किसानों के लिए फौरन मदद का काम करेगी. उन्होंने बताया कि ये 2 हजार रुपये की किश्त किसानों को घर की जरूरी चीजें खरीदने, बीज और खाद लेने और अगली फसल की तैयारी करने में मदद करेगी. हिमाचल, पंजाब और उत्तराखंड में 21वीं किश्त जारी होने के बाद अब उम्मीद है कि बाकी राज्यों के किसानों को भी जल्द ही यह राहत मिलेगी.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त अक्टूबर महीने में ही बाकी किसानों के खाते में पहुंच सकती है. माना जा रहा है कि सरकार यह राशि दिवाली से पहले, यानी 21 अक्टूबर 2025 से पहले ट्रांसफर कर देगी. इस बार करीब 10 करोड़ किसानों को 2 हजार रुपये की ये किश्त मिलेगी.

# जीएसटी हटने से एलआईसी को बड़ा फायदा

**नई दिल्ली.** जीएसटी की नई दरें लागू होने का फायदा जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को मिला है. लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी पर से टैक्स जीरो करने के बाद पहले ही दिन कंपनी को 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश मिला. जो कि पिछले महीने से करीब दोगुना है. इस साल अगस्त में रिटेल पॉलिसीधारकों से 5,000 करोड़ रुपये का मासिक प्रीमियम आया था. ज्यादातर बिक्री नियमित एंडोमेंट प्रोडक्ट्स से हुई, कोई नया प्रोडक्ट लॉन्च नहीं हुआ. एलआईसी के अधिकारियों ने बताया कि सितंबर की शुरुआती बिक्री पिछले साल की तुलना में कम थी, क्योंकि एजेंट और ग्राहक 22 सितंबर से लागू होने वाले टैक्स बदलाव का इंतजार कर रहे थे. टैक्स हटने के बाद दबी हुई डिमांड सामने आई. हालांकि, पूरे बीमा उद्योग का ट्रेंड कुछ महीनों बाद ही साफ होगा. जीएसटी परिषद ने सभी व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों को जीरो टैक्स कैटेगरी में डाल दिया है, जो 22 सितंबर, 2025 से लागू हो गया. यह छूट एक नई दो-दर वाली संरचना के तहत मिलेगी.

# थलापति विजय की पत्नी भी हैं करोड़पतियों में शामिल

**नई दिल्ली.**



अभिनेता से नेता बनने वाले साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय इस वक्त चर्चा में हैं. तमिलनाडु के करूर में विजय की राजनीतिक रैली में शनिवार को भगदड़ मचने से 40 लोगों की मौत हो गई थी. विजय ने पिछले साल ही राजनीति में शुरुआत की है. विजय अपनी लग्जरी लाइफ और सफल फिल्मों की काफी जाने जाते हैं, लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि उनकी पत्नी भी कम अमीर नहीं है. उनकी नेटवर्थ भी विजय की संपत्ति की टक्कर देती है. क्योंकि उनकी पत्नी संगीता सोर्नालिंगम एक सफल उद्योगपति की बेटी हैं. संगीता का जन्म एक श्रीलंकाई तमिल परिवार में हुआ था और बचपन में ही अपने माता-पिता के साथ लंदन शिफ्ट हो गई थीं. वहीं एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, थलपति विजय की पत्नी संगीता की नेट वर्थ करीब 400 करोड़ रुपये बताई जाती है. संगीता एक प्रसिद्ध तमिल उद्योगपति की बेटी हैं जो ब्रिटेन में बस गए हैं. दूसरी ओर विजय की नेटवर्थ करीब 600 करोड़ रुपए बताई जाती है.संगीता सोर्नालिंगम को उनकी सादगी और हर मुश्किल वक्त में थलपति विजय का साथ निभाने के लिए खूब सराहा जाता है. संगीता मीडिया से दूरी बनाए रखना पसंद करती हैं, फिर भी अपनी मजबूती और वफादारी की वजह से उन्होंने सबका सम्मान पाया है. उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ लोग उन्हें गृहिणी मानते हैं, तो कुछ मानते हैं कि वह एक सफल इंडस्ट्रियलिस्ट हैं.

# फेस्टिव सीजन में सस्ते टिकट, बस 1200 में

**नई दिल्ली.**

त्यौहारी मौसम में अगर आप भी परिवार के साथ छुट्टियों का प्लान बना रहे हैं या किसी जरूरी काम से यात्रा करनी है, तो एयर इंडिया एक्सप्रेस आपके लिए बेहतरीन मौका लेकर आई है. एयरलाइन ने अपनी शानदार पाय डे सेल 2025 की घोषणा कर दी है, जिसमें आप घरेलू उड़ानें मात्र 1200 से और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 3724 से बुक कर सकते हैं. इस सेल की खास बात यह है कि इसमें सिर्फ सस्ते टिकट ही नहीं, बल्कि खाने, सीट सिलेक्शन, अतिरिक्त बैगेज और प्राथमिकता चेक-इन जैसी सुविधाओं पर भी जबरदस्त छूट दी जा रही है. इस धमाकेदार सेल की शुरुआत 28 सितंबर 2025 से हो चुकी है और आप 1 अक्टूबर 2025 तक टिकट बुक कर सकते हैं. यात्रा की तारीखें 12 अक्टूबर से लेकर 30 नवंबर 2025 तक रखी गई हैं यानी अगर आप दशहरा, करवा चौथ, दिवाली या छठ पूजा पर घर जाना चाहते हैं, तो ये सेल आपके लिए बिल्कुल सही मौका है.सेल के तहत दो कैटेगरी में टिकट उपलब्ध हैं. पहला एक्सप्रेस लाइट जिसमें चेक-इन बैगेज शामिल नहीं होता. इसमें घरेलू टिकट 1200 रुपए से और इंटरनेशनल टिकट 3724 रुपए से शुरू हो रहे हैं. दूसरा एक्सप्रेस वैल्यू जिसमें कुछ ज्यादा सुविधाएं शामिल हैं। इसकी शुरुआत घरेलू उड़ानों के लिए 1300 रुपए से और इंटरनेशनल उड़ानों के लिए 4674 से होती है.






अगर आप ज्यादा सामान ले जाना चाहते हैं, तो डिस्काउंटेड बैगेज रेट भी मिल रहे हैं. डोमेस्टिक फ्लाइट्स में 15 किलो चेक-इन बैगेज सिर्फ 1500 में और इंटरनेशनल में 20 किलो का बैगेज 2500 में मिल रहा है. अगर आप एयर इंडिया एक्सप्रेस की मोबाइल ऐप से टिकट बुक करते हैं, तो आपको कोई कन्फिनियंस फीस नहीं देनी होगी. साथ ही, ऐप यूजर्स को अतिरिक्त ऑफर्स जैसे डिस्काउंटेड मील्स, फ्री सीट सिलेक्शन और प्रायोरिटी सर्विस का भी फायदा मिलेगा. एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह सेल सीमित समय के लिए है और सस्ते टिकट जल्द खत्म हो सकते हैं.

# भारतीय रुपये के आगे पाकिस्तानी करेंसी फीकी

**नई दिल्ली.**

एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबल आज शाम 8 बजे से दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. क्रिकेट की दुनिया में इन दोनों टीमों के बीच जब भी कोई मुकाबला होता है. तब उसकी चर्चा खूब होती है. चूंकि, यह एशिया कप में भारत और पाक का पहला फाइनल होने वाला है. तो यह और भी सुर्खियों में हैं. इसी टूर्नामेंट में दो बार पाकिस्तान को धूल चटाकर भारत ने यह तो साबित कर दिया कि पाकिस्तान की टीम फिसड्डी है. लेकिन क्या आपको पता है कि करेंसी के मुकाबले भी भारत से पाकिस्तान बहुत पीछे है.

क्रिकेट की फील्ड पर तो पाकिस्तान को भारत पटकनी देता ही रहता है. लेकिन करेंसी और फाइनेंशियल हेल्थ के मामले में भी पड़ोसी मुल्क के हालात बहुत नाजुक है. करेंसी के मामले में भारत की वैल्यू पाकिस्तान से 3 गुना ज्यादा है. भारतीय 1 रुपये की वैल्यू पाकिस्तान के 3.17 रुपये के बराबर है.

इससे ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पाक स्थिति कैसी है. करेंसी और क्रिकेट में तो पाकिस्तान भारत से पीछे ही है. मगर इकोनॉमिक मोर्चे पर भी उसकी स्थिति ठीक नहीं है. कर्ज के सहारे देश निर्भर रहता है. आईएमएफ के बेलआउट मिलने पर खुशी होता है और उन्हीं पैसों से अपनी डामाडोल स्थिति को मैनेज करता है.

अगर आकंड़ों की बात करें तो भारत की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.46% है, जबकि पाकिस्तान सिर्फ 2.497% की दर से बढ़ रहा है. पिछले दो दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था ने पाकिस्तान को लगातार पीछे छोड़ दिया है. भारत ने 2021 में अपनी सबसे तेज बढ़ोतरी 9.69% दर्ज की, जबकि पाकिस्तान की अधिकतम वृद्धि 1970 में 11.35% थी.


निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — **गणेशलक्ष्मी वैभव** विकली लॉटरी — सोडत सायं. 5:00 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 28/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **MG-00 : 0014**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/-: 3098; 6372 (डायमंड कॉर्पोरेशन, बोरिवली); 8271 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर); 8957 (अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई); 8977 (अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई)

| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0493 | 1297 | 1555 | 1728 | 1769 | 1997 | 2411 | 6603 | 8138 | 8881 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1018 | 1375 | 1514 | 3040 | 3893 | 7652 | 8824 | 8952 | 9269 | 9771 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0038 | 1176 | 2002 | 2936 | 3952 | 4922 | 6225 | 6855 | 7957 | 8980 |
| 0093 | 1192 | 2071 | 2946 | 4056 | 5052 | 6236 | 6926 | 7974 | 9019 |
| 0094 | 1262 | 2099 | 2956 | 4098 | 5074 | 6250 | 7035 | 8008 | 9294 |
| 0501 | 1307 | 2202 | 3039 | 4151 | 5181 | 6336 | 7056 | 8287 | 9323 |
| 0524 | 1365 | 2216 | 3078 | 4163 | 5255 | 6462 | 7123 | 8309 | 9355 |
| 0540 | 1376 | 2237 | 3193 | 4171 | 5385 | 6528 | 7256 | 8399 | 9405 |
| 0598 | 1447 | 2259 | 3254 | 4239 | 5490 | 6536 | 7267 | 8599 | 9491 |
| 0603 | 1514 | 2286 | 3272 | 4242 | 5507 | 6620 | 7276 | 8608 | 9530 |
| 0625 | 1594 | 2397 | 3324 | 4487 | 5575 | 6637 | 7390 | 8683 | 9532 |
| 0706 | 1615 | 2468 | 3498 | 4531 | 5815 | 6679 | 7597 | 8739 | 9596 |
| 0739 | 1626 | 2582 | 3634 | 4741 | 5902 | 6731 | 7719 | 8768 | 9598 |
| 0777 | 1644 | 2731 | 3714 | 4767 | 6030 | 6761 | 7731 | 8804 | 9960 |
| 1001 | 1831 | 2798 | 3719 | 4771 | 6059 | 6765 | 7775 | 8808 | 9977 |
| 1009 | 1944 | 2861 | 3863 | 4871 | 6095 | 6837 | 7779 | 8863 | 9982 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस जिंका फक्त 5 अंकावर ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत 200/-

गणेशलक्ष्मी वैभव विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 28/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा: : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — **महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि** विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 27/09/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — **GL-00 : 2538**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0080 | 0455 | 0755 | 3036 | 3560 | 3598 | 5477 | 6249 | 6435 | 8637 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0589 | 3161 | 3728 | 3912 | 5836 | 5849 | 6319 | 7997 | 8272 | 8908 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0172 | 0791 | 1276 | 1427 | 1685 | 1980 | 3352 | 3941 | 4583 | 5507 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| पाचवे बक्षिस रु. | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 300/- | 0745 | 1315 | 2248 | 2992 | 4162 | 5488 | 6464 | 7221 | 7927 | 9014 |
| 0004 | 0749 | 1333 | 2283 | 3069 | 4175 | 5515 | 6519 | 7229 | 7975 | 9033 |
| 0010 | 0780 | 1346 | 2318 | 3083 | 4231 | 5520 | 6534 | 7276 | 8156 | 9084 |
| 0022 | 0790 | 1348 | 2384 | 3174 | 4421 | 5547 | 6541 | 7277 | 8263 | 9089 |
| 0029 | 0806 | 1425 | 2422 | 3202 | 4478 | 5584 | 6616 | 7278 | 8269 | 9427 |
| 0030 | 0837 | 1445 | 2432 | 3230 | 4519 | 5590 | 6618 | 7363 | 8273 | 9465 |
| 0062 | 0846 | 1451 | 2509 | 3285 | 4548 | 5750 | 6628 | 7445 | 8362 | 9488 |
| 0076 | 0865 | 1453 | 2527 | 3330 | 4574 | 5751 | 6643 | 7490 | 8383 | 9496 |
| 0181 | 0992 | 1521 | 2570 | 3348 | 4665 | 5765 | 6657 | 7589 | 8483 | 9499 |
| 0203 | 1009 | 1569 | 2612 | 3383 | 4690 | 5771 | 6658 | 7648 | 8538 | 9591 |
| 0234 | 1015 | 1698 | 2645 | 3696 | 4724 | 5799 | 6668 | 7654 | 8576 | 9592 |
| 0303 | 1017 | 1727 | 2657 | 3724 | 4846 | 5804 | 6681 | 7730 | 8587 | 9616 |
| 0340 | 1018 | 1776 | 2679 | 3733 | 4998 | 5859 | 6684 | 7787 | 8628 | 9699 |
| 0404 | 1048 | 1882 | 2682 | 3735 | 5084 | 5863 | 6703 | 7788 | 8684 | 9742 |
| 0405 | 1090 | 1951 | 2757 | 3747 | 5252 | 5989 | 6729 | 7801 | 8685 | 9790 |
| 0429 | 1115 | 2102 | 2784 | 3794 | 5259 | 5993 | 6756 | 7827 | 8708 | 9800 |
| 0520 | 1125 | 2128 | 2785 | 3997 | 5300 | 6082 | 6766 | 7855 | 8718 | 9875 |
| 0608 | 1190 | 2184 | 2826 | 4054 | 5304 | 6121 | 6988 | 7878 | 8895 | 9927 |
| 0617 | 1195 | 2192 | 2864 | 4088 | 5328 | 6239 | 7002 | 7879 | 8922 | 9960 |
| 0638 | 1203 | 2216 | 2880 | 4147 | 5346 | 6346 | 7047 | 7903 | 8955 | 9967 |
| 0671 | 1240 | 2226 | 2957 | 4155 | 5459 | 6392 | 7167 | 7904 | 8971 | 9974 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस जिंका फक्त 5 अंकावर ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत 200/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 27/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा: : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — **महाराष्ट्र मोहिनी** विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 28/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **MO-02 : 1176**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1462 | 1555 | 1922 | 2203 | 2442 | 2795 | 4129 | 4156 | 5189 | 5989 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1340 | 1511 | 1609 | 3210 | 3298 | 3613 | 3808 | 4432 | 5220 | 5304 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1110 | 2014 | 2922 | 3746 | 4892 |
| 1394 | 2032 | 2938 | 3991 | 4969 |
| 1437 | 2134 | 3037 | 4210 | 5056 |
| 1468 | 2226 | 3038 | 4272 | 5171 |
| 1583 | 2354 | 3107 | 4372 | 5325 |
| 1614 | 2392 | 3130 | 4412 | 5390 |
| 1666 | 2407 | 3312 | 4558 | 5397 |
| 1859 | 2504 | 3341 | 4675 | 5468 |
| 1881 | 2722 | 3490 | 4748 | 5524 |
| 1890 | 2760 | 3509 | 4764 | 5704 |
| 1917 | 2809 | 3556 | 4836 | 5725 |
| 1991 | 2913 | 3617 | 4847 | 5878 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 08-10-2025 — जिंका फक्त 5 अंकावर पहिले सामाईक बक्षिस रु. 21 लाख — दुसरे बक्षिस रु. 5 लाख — तिसरे बक्षिस रु. 2,50,000/- (रु. 5 हजाराची 50 बक्षिसे)

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र मोहिनी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 28/09/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा: : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — **महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि** विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 28/09/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — **GL-01 : 6486**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1708 | 2664 | 3087 | 3149 | 3471 | 3869 | 5477 | 5727 | 6741 | 8535 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1145 | 1372 | 2199 | 3132 | 3663 | 4869 | 5709 | 7052 | 9362 | 9578 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0503 | 1005 | 1101 | 2346 | 2437 | 4323 | 6971 | 7485 | 7506 | 8705 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| पाचवे बक्षिस रु. | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 300/- | 0760 | 1815 | 2806 | 3513 | 4303 | 5475 | 6433 | 7578 | 8483 | 9099 |
| 0021 | 0830 | 1910 | 2847 | 3533 | 4324 | 5522 | 6451 | 7651 | 8502 | 9130 |
| 0045 | 0875 | 1913 | 2920 | 3537 | 4402 | 5535 | 6467 | 7659 | 8542 | 9192 |
| 0052 | 0990 | 2062 | 2925 | 3544 | 4408 | 5537 | 6470 | 7732 | 8559 | 9197 |
| 0080 | 1016 | 2081 | 2926 | 3613 | 4423 | 5576 | 6526 | 7743 | 8589 | 9212 |
| 0099 | 1101 | 2180 | 2953 | 3619 | 4542 | 5594 | 6629 | 7745 | 8615 | 9293 |
| 0197 | 1124 | 2204 | 3033 | 3683 | 4689 | 5676 | 6667 | 7757 | 8619 | 9392 |
| 0240 | 1132 | 2206 | 3039 | 3748 | 4739 | 5684 | 6684 | 7777 | 8663 | 9401 |
| 0270 | 1177 | 2220 | 3100 | 3778 | 4766 | 5729 | 6706 | 7801 | 8678 | 9449 |
| 0273 | 1391 | 2244 | 3153 | 3823 | 4833 | 5811 | 6763 | 7818 | 8828 | 9475 |
| 0301 | 1431 | 2309 | 3204 | 3917 | 4840 | 5853 | 6796 | 7820 | 8829 | 9641 |
| 0307 | 1471 | 2344 | 3281 | 3942 | 4847 | 5916 | 6905 | 7833 | 8844 | 9642 |
| 0351 | 1497 | 2372 | 3317 | 3972 | 4914 | 5925 | 7073 | 7865 | 8845 | 9668 |
| 0397 | 1512 | 2437 | 3336 | 4016 | 4946 | 6016 | 7174 | 7877 | 8854 | 9716 |
| 0446 | 1518 | 2442 | 3349 | 4045 | 5113 | 6026 | 7285 | 7911 | 8884 | 9743 |
| 0506 | 1519 | 2558 | 3353 | 4144 | 5265 | 6071 | 7330 | 7945 | 8888 | 9771 |
| 0507 | 1529 | 2708 | 3360 | 4145 | 5365 | 6146 | 7335 | 8247 | 8903 | 9824 |
| 0638 | 1602 | 2712 | 3361 | 4178 | 5368 | 6187 | 7363 | 8309 | 8952 | 9879 |
| 0646 | 1614 | 2752 | 3363 | 4234 | 5378 | 6194 | 7375 | 8327 | 8991 | 9962 |
| 0677 | 1711 | 2755 | 3439 | 4264 | 5439 | 6246 | 7383 | 8383 | 9054 | 9968 |
| 0701 | 1747 | 2777 | 3493 | 4296 | 5452 | 6289 | 7437 | 8410 | 9090 | 9991 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस जिंका फक्त 5 अंकावर ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत 200/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 28/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा: : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


# क्या सरकारी कर्मचारी कर सकते हैं शेयर में निवेश?

**नई दिल्ली.** स्टॉक मार्केट्स में हाल के दिनों में आम लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है. देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने बताया कि जनवरी से लेकर सितंबर 2025 तक सिर्फ 8 महीने में 1 करोड़ नए लोग जुड़ चुके हैं. अब एनएसई पर कुल निवेशकों की संख्या 12 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है. लेकिन, क्या सरकारी कर्मचारी स्टॉक मार्केट में निवेश कर सकते हैं? गवर्नमेंट एंप्लॉयीज के शेयरों में निवेश करने के लिए कुछ नियम है. अगर आप गवर्नमेंट एंप्लॉयी हैं या आपके परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी करता है तो आपके लिए इन नियमों के बारे में जानना जरूरी है. सरकारी नौकरी करने वाले लोगों शेयरों या किसी दूसरे तरह के इंस्ट्रूमेंट्स में स्पेकुलेटिव ट्रेडिंग करने की इजाजत नहीं है. इस बारे में सेंट्रल सिविल सर्विस (कंडक्ट) रूल्स, 1964 के 35 (ए) में बताया गया है. इसमें कहा गया है कि गवर्नमेंट एंप्लॉयीज को ऐसा कोई निवेश करने की इजाजत नहीं है, जिससे सट्टेबाजी शामिल है. इसका मतलब यह है कि सरकारी एंप्लॉयीज के लिए मुनाफे के लिए बार-बार शेयरों को खरीदने और बेचने की इजाजत नहीं है.इसकी वजह यह है कि सरकार के नियम में इसे स्पेकुलेटिव ट्रेडिंग माना गया है. गवर्नमेंट एंप्लॉयीज के लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करने पर




१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

### प्रदीप शर्मा का दावा

# राज ठाकरे की हत्या की थी साजिश!

**मुंबई.**

मुंबई पुलिस में काम कर चुके एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा के जीवन पर 'अब तक 112' नाम से एक फिल्म बन रही है। इस फिल्म के मौके पर पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा ने एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने कई घटनाओं का खुलासा किया। इस बीच, उन्होंने यह भी बताया कि राज ठाकरे की हत्या की साजिश रची गई थी।

सादिक कालिया का एनकाउंटर 12 दिसंबर 1997 को हुआ था। सादिक कालिया दाऊद गैंग का मुख्य शूटर था। वह खुद 22 हत्याओं में शामिल था। वह वांटेड था। हमें पता चला कि वह गैंग में कैसे आया। पहले सादिक कालिया अरुण गवली के गैंग में था। सादिक का नंबर हत्या की सुपारी के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना था। उसकी बहन के पति का नाम इस्तिकार था और वह भी उसी गैंग में था। इस्माइल मालाबारी दाऊद का गैंगस्टर था। इस पर छोटा शकील ने कहा, गवली ने तुम्हें क्यों नहीं भेजा? सादिक कालिया ने कहा, तुम जो कहोगे मैं करूंगा। इस पर छोटा शकील ने कहा, जाओ और अपनी बहन के पति को मार दो। सादिक ने कहा, मुझे एक हथियार भेजो। छोटा शकील ने कहा, कोई हथियार नहीं, तुम उसे हेलिकॉप्टर से मारना चाहते हो। इसके बाद, सादिक ने अपने बहनोई, यानी अपनी बहन के पति से उसे मारने के लिए कहा। इसके बाद, वह छोटा शकील के साथ दाऊद के लिए काम करने लगा। प्रदीप शर्मा ने यह भी बताया कि ऐसी घटनाए फिल्म में भी मौजूद हैं।



2003 में मुलुंड ट्रेन में धमाका हुआ था। वांटेड पाकिस्तानी और कश्मीरी थे। वे बालासाहेब ठाकरे की मां के घर पर हमला करने वाले थे। हमारे पास ट्रेन का नंबर था। उस समय सत्यपाल सिंह सह-पुलिस आयुक्त थे, और आर.एस. शर्मा सर भी वहा थे। उन्होंने मुझे सावधान रहने को कहा। मैं बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर गया था। उस जैकेट में दो गोलिया लगीं। दोपहर 12 बजे हमारी उनसे मुठभेड़ हुई। ये तीनों मातोश्री पर हमला करना चाहते थे। अगर मैं उस समय एक सेकंड के लिए भी वहाँ होता, तो मेरी जान जा सकती थी। प्रदीप शर्मा ने भी यही बात कही।

### राज ठाकरे की जान कैसे बची?

प्रदीप शर्मा ने बताया, हम 10 से 12 नंबर पर नजर रख रहे थे। अचानक, उसमें राज ठाकरे का ज़िक्र आया। राज ठाकरे की हत्या की साज़िश रची जा रही थी। राज ठाकरे उस समय कोंकण का दौरा करने वाले थे। हमें पता चला कि उनकी जान को ख़तरा है। हमने सारी जानकारी तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त मीरा बोरवणकर को दी। इसके बाद, आयुक्त राज ठाकरे से मिलने गए और उन्हें बताया कि उनकी जान को ख़तरा है और उन्हें कोंकण का दौरा नहीं करना चाहिए। उस समय, उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया था।

# मुंबई में भारी बारिश से जलभराव की समस्या

**मुंबई.**

राज्य में बारिश ने कहर बरपा रखा है. राज्य से मानसून अभी तक विदा होने का नाम नहीं ले रहा है. बारिश अभी भी मुंबई में आफत बनकर बरस रही है. मुंबई के माटुंगा और किंग सर्कल इलाके में बारिश से सड़क पर जलजमाव हो गया है. मुंबई के ईस्टर्न सबर्ब्स, वेस्टर्न सबर्ब्स और शहर के इलाकों में बारिश हो रही है. मौसम विभाग ने आज मुबंई में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है. मुबंई में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है. मुंबई के अलावा वसई. विरार, मीरा रोड, भायंदर, पालघर, नवी मुंबई, ठाणे शहर और ग्रामीण इलाकों में भी बरसात रुक रुक कर जारी है.

मुंबई के पश्चिम रेलवे पर चलने वाली एसी लोकल ट्रेन बारिश से प्रभावित है. अंधेरी और भयंदर के बीच रात में चलने वाली एसी लोकल ट्रेन में अचानक बारिश का पानी पानी रिसने लगा. बॉम्बे हाई कोर्ट के एक वकील ने इसका वीडियो पोस्ट किया. मौसम विभाग ने आज मुंबई, ठाणे और रायगढ़ में बारिश की संभावना जताई है. इसके अलावा कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. आज राज्य के 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

चंद्रपुर, गढ़चिरौली, यवतमाल जिलों में भारी बारिश हो सकती है. पालघर जिले के लिए 28 और 29 सितंबर को रेड अलर्ट जारी किया गया है.

इस दौरान जिले में अतिवृष्टि की संभावना जताई गई है. चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं. जिलाधिकारी डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने नागरिकों से अपील की है कि घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क रहें. किसी भी मदद के लिए जिला आपत्ति व्यवस्थापन नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है. शासन और प्रशासन पूरी तरह तैयार है.



## नारियल सिर पर गिरने से युवक की मौत

**वसई.** चलती लोकल ट्रेन से निर्मलया द्वारा फेंके गए नारियल की चपेट में आने से संजय भोईर (30) घायल हो गया। रविवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। संजय भोईर नायगांव और भायंदर खाड़ी के बीच पंजू द्वीप पर रहते हैं। संजय शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे नायगांव भायंदर खाड़ी पुल से नायगांव स्टेशन की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान, चलती लोकल ट्रेन से निर्मलया का एक नारियल नायगांव खाड़ी में फेंका गया। नारियल सीधे संजय के सिर पर लगा। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले वसई के सर डीएम पेटिट अस्पताल और फिर मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष** – आज का दिन रिश्तों, करियर में उन्नति और वित्तीय योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनर्जी प्रदान करता है। फ्यूचर के लक्ष्यों की स्ट्रैटजी बनाने के लिए अच्छा समय है।

**वृषभ** – आज सेहत का ध्यान रखें। आपको अपने विचारों को अपनाने और इसे जीवन के सभी पहलुओं पर लागू करने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

**मिथुन** – आज के दिन अपनी पर्सनल लाइफ में आप अपने पार्टनर के साथ अधिक पर्सनल कनेक्शन विकसित कर सकते हैं। यह पर्सनल जरूरतों पर फोकस करने का समय है।

**कर्क**– आज आपके करियर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए। इन्स्पेक्ट करें कि क्या आपका वर्तमान काम आपके लॉंग टर्म लक्ष्यों को पूरा करता है।

**सिंह** – आज का दिन अपने जरूरी प्लांस बनाने के लिए शुभ है। अपने बॉस के सामने अपनी कमिटमेंट, काम का तरीका और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल को दिखाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है?

**कन्या** – आज का दिन आपके सामाजिक जीवन में नई रुचि लाएगा। आपकी विभिन्न संस्कृति के लोगों से जुडने की क्षमता नए अवसर या पार्टनरशिप के लिए एक खुला द्वार है।

**तुला** – आज हो सकता है कि आप अचानक खुद को उत्सुकता के साथ असाइनमेंट पर काम करते हुए पाएं। आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज नेटवर्क बनाएं, अपनी स्किल्स का उदाहरण दें और प्रोजेक्ट्स पर पहल करने से न डरें। अपने पार्टनर के साथ सम्मान और संयम से व्यवहार करें।

**धनु** – आज के दिन डिटेल्स पर काम करने और चीजों को मैनेज करने में बिजी रहेंगे। किसी सम्मेलन, वेबिनार या यहां तक कि व्यावसायिक यात्रा के लिए प्रयास करें।

**मकर** – आज आप स्किल्स को बढ़ाने या नए मार्केट के बारे में अधिक जानने पर विचार करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। आज का मुख्य जोर आपके पर्सनल फाइनेंस के बढ़ते पक्ष पर है.

**कुंभ** – आज का दिन पर्सनल ग्रोथ और विस्तार की संभावनाओं से भरा है। विचारों को विकसित करने के लिए अपने सहकर्मियों के साथ बात करने और काम करने की अपनी क्षमता दिखाने का यह सही अवसर है।

**मीन** – आज के दिन फ्रेश एनर्जी के साथ अपने करियर की ओर बढ़ें। आपकी

# बारिश का कहर गांवों का टूटा संपर्क

**जळगाव.**

पिछले हफ़्ते हुई भारी बारिश और बाढ़ से जिले में फसलों, घरों और मवेशियों को भारी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन अभी भी जारी है, लेकिन शनिवार रात को फिर से कई तालुकाओं में भारी बारिश हुई। नदियों और नहरों में बाढ़ आने से कई गांवों का संपर्क टूट गया है। बची-खुची फसलें पानी में डूब गईं और किसानों की बची-खुची उम्मीदें भी खत्म हो गई हैं।

जिले के 34 राजस्व सर्किलों में 23 सितंबर के अंत तक 65 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई। परिणामस्वरूप, लगभग 80 हजार हेक्टेयर कपास, केला, प्याज, सोयाबीन, मक्का, सब्जियां और फलों की फसलें बर्बाद हो गईं, जिससे 518 गांवों के एक लाख से अधिक किसान प्रभावित हुए। बाढ़ के पानी में बह जाने से पांच लोगों की मौत हो गई।



इसमें पाचोरा तालुका में तीन और भुसावल और मुक्ताईनगर में एक-एक नागरिक शामिल थे। 1922 पशुधन मारे गए और 1068 घर ढह गए। इसके अलावा, 687 घरों में बाढ़ का पानी घुसने से कई लोगों की जान जोखिम में पड़ गई। सबसे ज्यादा नुकसान पाचोरा तालुका में 592, एरंडोल तालुका में 80 और मुक्ताईनगर तालुका में 15 हुआ।

भारी बारिश के बाद कई तालुकाओं में भारी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरी, गाद, तितुर, अग्नावती, हिवरा, अंजनी नदियों का जलस्तर बढ़ने से चालीसगांव शहर के कुछ हिस्सों में निचले पुलों के ऊपर से पानी बह रहा है। प्रशासन ने डोंगरी नदी के किनारे बसी झुग्गियों और घरों में रहने वालों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुचाने की कार्रवाई की।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई.** मुंबई पुलिस की अपराध प्रकटीकरण टीम ने सांताक्रूज़ पुलिस स्टेशन में दर्ज एक पोस्को मामले में बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने लगातार 10 दिन तक सीसीटीवी फुटेज और खबरी नेटवर्क की मदद से आरोपी की तलाश की और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया. यह मामला 16 सितंबर 2025 की रात विले पार्ले पश्चिम इलाके का है. 52 वर्षीय शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उनकी 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी मेडिकल स्टोर और जनरल स्टोर से सामान लेकर घर लौट रही थी. उसी दौरान सेंट ब्रान्झ रोड, विले पार्ले गावठाण के पास एक अनजान युवक ने अचानक पीछे से आकर उसका चेहरा ढक दिया और छेड़छाड़ कर फरार हो गया. पीड़िता ने घर पहुंचकर पूरी घटना अपनी मां को बताई और फिर परिवार पुलिस स्टेशन पहुंचा. शिकायत के आधार पर सांताक्रूज़ पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 78 बी और पॉक्सो एक्ट की धारा 8, 12 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की.

## बंजारा समाज चाहता है एसटी दर्जा

**ठाणे.** हैदराबाद गजट के अनुसार, बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर बंजारा समुदाय आक्रामक हो गया है। शनिवार को ठाणे में हुई एक बैठक में 4 अक्टूबर को ठाणे जिला कलेक्टर कार्यालय पर मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है। ठाणे में होने वाले इस मार्च को सेमी-फाइनल मार्च नाम दिया गया है। अगर हमें अनुसूचित जाति में आरक्षण नहीं दिया गया, तो बंजारा समुदाय पूरे महाराष्ट्र से मुंबई में हड़ताल करेगा। इसलिए, बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का मुद्दा और भड़कने की संभावना है। राज्य सरकार ने हाल ही में हैदराबाद राजपत्र के आधार पर मराठा समुदाय को ओबीसी प्रमाणपत्र देने का फैसला किया है। इस संबंध में, चूकि हैदराबाद राजपत्र में बंजारा समुदाय को 'आदिम' समुदाय बताया गया है, बंजारा समुदाय ने मांग की है कि उन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए और आरक्षण दिया जाए। इसी सिलसिले में बंजारा समुदाय की ओर से राज्य भर में मार्च निकाले जा रहे हैं। इसी कड़ी में ठाणे में भी एक मार्च निकाला जाएगा। ठाणे मार्च को सेमी-फाइनल मार्च नाम दिया गया है। अगर हमें अनुसूचित जाति का आरक्षण नहीं दिया गया, तो पूरे महाराष्ट्र से बंजारा समुदाय मुंबई तक मार्च करेगा। मौजूदा मार्च तो बस ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। ठाणे मार्च का नेतृत्व शंकर पवार करेंगे और उन्होंने बताया कि एसटी आरक्षण के लिए पूरे राज्य में मार्च निकाले जा रहे हैं।

# बैड्स ऑफ बॉलीवुड पर समीर वानखेड़े का बयान, सत्यमेव जयते-बोले वानखेड़े

**मुंबई.** भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी समीर वानखेड़े समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स के खिलाफ दायर की थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड, जिसे शाहरुखके बेटे आर्यन खान ने डायरेक्ट किया है के जरिए उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई गई है. उनकी छवि बिगाड़ी गई है.

इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने समीर वानखेड़े को फटकार लगाते हुए याचिका खारिज कर दी. वहीं अब इस पर उनकी प्रतिक्रिया सामने आई है.बैड्स ऑफ बॉलीवुड सीरीज पर मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने पत्रकारों के सवालों का सीधा जवाब न देते हुए कहा कि 'मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, मैं सिर्फ एक बात कहूंगा – 'सत्यमेव जयते'. वानखेड़े ने आर्यन खान के डायरेक्टेड नेटफ्लिक्स शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के खिलाफ रोक लगाने और 2 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग भी की थी. उनकी याचिका पर जस्टिस पुरुषइंद्र कुमार कौरव सुनवाई की. कोर्ट ने वानखेड़े के वकील से पूछा कि आपने दिल्ली में मुकदमा क्यों दायर किया है? ये याचिका दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई योग्य कैसे होती है. कोर्ट ने उन्हें याचिका में संशोधन करने का समय दिया है.साल 2021 में नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने गोवा जा रहे क्रूज से आर्यन खान और उनके दोस्तों को ड्रग लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था. तत्कालीन जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की टीम पैसेंजर बनकर शिप पर चढ़ी. रात 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली इस छापेमारी में कोकीन और चरस सहित दूसरे ड्रग्स बड़ी मात्रा में जब्त किए गए. आर्यन खान को इस मामले में कई हफ्तों तक आर्थर रोड जेल में रखा गया था. इस मामले ने काफी तूल पकड़ लिया था. जमानत के कागजात में देरी के कारण आर्यन 30 अक्टूबर को आर्थर रोड जेल से रिहा हुए थे. हालांकि 27 मई, 2022 को आर्यन खान और 5 अन्य लोगों को पर्याप्त सबूत के अभाव में क्लीन चिट दे दी गई थी. दरअसल आर्यन खान की सीरीज बॉलीवुड बैकड्रॉप पर बनी है.







## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस




**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088


CMYK

## सुविचार

महान आशाएं महान व्यक्तियों का निर्माण करती हैं।

## संपादकीय


# पंजाब दे रहा किसानों को 50,000, महाराष्ट्र क्यों नहीं?

महाराष्ट्र में भारी बारिश से 92 लाख हेक्टेयर जमीन जलमग्न हो चुकी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य सरकार ने किसानों को साढ़े आठ हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजे की घोषणा की है, जो कि कई मायनों में बेहद कम है। तुलना करें तो पंजाब सरकार ने इसी तरह की स्थिति में किसानों को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा दिया था। सवाल यह उठता है कि देश की आर्थिक राजधानी महाराष्ट्र में किसानों को पर्याप्त सहायता क्यों नहीं मिल रही है। किसान आज भयंकर संकट में हैं। उनकी फसलें, जमीन और पशुधन सब भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। राज्य और केंद्र सरकार से उम्मीद की जाती है कि वे राजनीतिक मतभेद भुलाकर किसानों की हर संभव मदद करें। बिना किसी जाच-पड़ताल के प्रभावित किसानों के बैंक खातों में तुरंत मुआवजा राशि ट्रांसफर की जानी चाहिए। इसके अलावा, सरकार को किसानों के कर्ज माफ कर उन्हें राहत देनी चाहिए।

किसानों की आजीविका कृषि पर निर्भर है, और उनका बचाव देश की खाद्य सुरक्षा के लिए जरूरी है। राजनीतिक नेताओं और समाज के समस्त वर्गों को मिलकर किसानों के लिए आगे आना चाहिए। मौसम के चलते महाराष्ट्र के कई हिस्से रेड अलर्ट पर हैं, और किसानों की स्थिति निरंतर खराब हो रही है। ऐसे में राज्य के सभी नेता और प्रशासनिक अधिकारी अपने दौरे स्थगित कर किसानों की मदद के लिए पूरी ताकत लगाएं। बिना देरी के खाद्यान्न, जरूरी वस्तुएं और वित्तीय सहायता पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। किसान जब तक जीवित रहेंगे, देश का पेट भरेगा। इसलिए इस संकट में सभी को मिलकर कदम उठाने की जरूरत है।

## वास्तुशास्त्र

# मां काली की प्रतिमा घर में रखें या नहीं?



देवी भागवत और कालिका पुराण जैसे ग्रंथों में माँ काली को शक्ति और रौद्र स्वरूप वाली देवी के रूप में वर्णित किया गया है. इन ग्रंथों में उनके रूप, उपासना और शक्ति का विस्तृत विवरण मिलता है. हालांकि, शास्त्रों में प्रतिमा को घर में रखने या न रखने की कोई स्पष्ट निर्देशिका नहीं है. अधिकांश वर्णन उनके शक्ति रूप, विनाशकारी और रक्षक गुणों पर केंद्रित हैं. तंत्र और शक्ति पूजा के ग्रंथों में कहा गया है कि मां काली के कुछ उग्र स्वरूपों की पूजा विशेष विधि और प्रशिक्षित पंडित/गुरु की देखरेख में की जाती है. इन ग्रंथों में ऐसे स्वरूपों को घर में साधारण रूप से रखने या पूजा करने के लिए निर्देश नहीं मिलता इसके अनुसार, यदि प्रतिमा स्थापित हो तो विधि, समय और पूजा पद्धति का ध्यान रखना आवश्यक माना गया है. वास्तु शास्त्र में कहा गया है कि पूजा घर में देवी-देवताओं की मूर्तियाँ शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं. कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, उग्र या भयावह स्वरूप वाली प्रतिमा, जैसे मां काली का रौद्र रूप, यदि बिना सही दिशा और विधि के घर में रखी जाए, तो ऊर्जा संतुलन प्रभावित हो सकता है. वास्तु के मुताबिक प्रतिमा को पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में रखना शुभ माना जाता है. मूर्ति जमीन से ऊपर और साफ स्थान पर रखी जानी चाहिए. प्रतिमा का आकार अत्यधिक बड़ा न हो, छोटे आकार की मूर्तिया घर के लिए उपयुक्त मानी जाती हैं. ये सभी सुझाव पारंपरिक वास्तु और गृह पूजा परंपराओं पर आधारित हैं.

# माता रानी के आशीर्वाद के 5 संकेत

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है. ये नौ रूप हैं, शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री. हर दिन एक विशेष देवी के रूप की पूजा की जाती है और उनकी पूजा करने से भक्तों को विभिन्न प्रकार के फल और वरदान मिलते हैं, घर में खुशियों का माहौल बने रहना, परिवार में एकता बनी रहना, शुभ समाचार मिलना, घर के मंदिर में छिपकली का दिखना और शंख या घंटियों की आवाज सुनाई देना. अगर आपको ये संकेत दिखें तो यह समझना चाहिए कि मां दुर्गा आपसे प्रसन्न हैं और आप पर उनका आशीर्वाद बना हुआ है. अगर नवरात्रि के दौरान आपके घर में हंसी-खुशी का माहौल बना हो, सदस्यों के बीच मेलजोल हो और कोई वाद-विवाद न हो रहा हो, तो यह मां दुर्गा के आशीर्वाद का संकेत माना जाता है. नवरात्रि के दौरान कोई अच्छा या शुभ समाचार मिलना भी देवी दुर्गा के प्रसन्न होने का संकेत हो सकता है. घर परिवार में एकता, भाईचारे और खुशी का वातावरण होना मां जगदंबा के आशीर्वाद का प्रतीक है. नवरात्रि के दौरान अगर घर के मंदिर में छिपकली दिख जाए, तो इसे मां लक्ष्मी के आगमन और देवी दुर्गा की कृपा का शुभ संकेत माना जाता है. नवरात्रि के दौरान ब्रह्म मुहूर्त में या किसी भी समय शंख या घंटियों की आवाज सुनाई देना एक बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है. इसका अर्थ है कि माता रानी आपकी भक्ति से प्रसन्न हैं.

# कम कैल्शियम, ज्यादा दिक्कत!

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए नींव की तरह है. जब यह मजबूत होती है तो पूरी इमारत टिकी रहती है, लेकिन जब यह कमजोर होती है तो धीरे-धीरे ढहने लगती है. वहीं डॉ. शालिनी सिंह के अनुसार, कैल्शियम की कमी से शरीर में कई नकारात्मक बदलाव आते हैं जिनसे बचना बेहद जरूरी है. कैल्शियम की कमी से सबसे पहले असर हड्डियों पर पड़ता है. जब शरीर में कैल्शियम डेफिशियेंसी होती है, तो यह हड्डियों को कमजोर करना शुरू कर देता है, जिससे बोन डेंसिटी घट जाती है. लंबे समय में यह ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकता है, जिसमें हड्डियां इतनी कमजोर हो जाती हैं कि छोटी-सी चोट भी फ्रैक्चर का कारण बन सकती है. कैल्शियम की कमी से मांसपेशियों में खिंचाव और ऐंठन की समस्या आम है. मसल क्रैम्प्स खासकर रात में और व्यायाम के दौरान हो सकती हैं. कैल्शियम मांसपेशियों के विस्तार में मदद करता है, इसकी कमी से मांसपेशियां ठीक से काम नहीं कर पाती हैं. डेंटल हेल्थ पर भी कैल्शियम की कमी का सीधा असर पड़ता है. दांतों के इनेमल में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है, और इसकी कमी से दांत कमजोर होकर सड़ने लगते हैं. इसके अलावा मसूड़ों की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. कैल्शियम हृदय की सेहत के लिए भी अत्यंत जरूरी है. इसकी कमी से ब्लड प्रेशर अनियमित हो सकता है और दिल की धड़कनें बिगड़ सकती हैं. कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ पर इसका प्रभाव लंबे समय में गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है.कैल्शियम की कमी दूर करना है तो दूध, दही, पनीर, पालक, संतरा, बादाम खाना शुरू कर दें. ताकि आपको किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े. अगर आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो रोजाना पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम युक्त आहार लें और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट्स की सलाह विशेषज्ञ से लें. स्वस्थ रहने के लिए कैल्शियम का महत्व कभी नजरअंदाज न करें.

# महागौरी: शांति, सौंदर्य और सिद्धि की आराध्या



नवरात्रि का आठवां दिन मां महागौरी को समर्पित होता है। महागौरी देवी शक्ति के उन स्वरूपों में से एक हैं जिन्हें उनकी पवित्रता, सौंदर्य और करुणामयी रूप के लिए जाना जाता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, देवी का यह रूप साधकों को असीम शांति, सौभाग्य और सिद्धि प्रदान करता है। महागौरी का रूप आध्यात्मिक शुद्धता का प्रतीक है और उनकी आराधना से साधक के जीवन में अंधकार मिटकर प्रकाश की स्थापना होती है। महागौरी को अत्यंत गौर वर्ण वाली, शांत और दिव्य देवी के रूप में वर्णित किया गया है। उनके चार हाथ हैं। दाहिने हाथ में त्रिशूल और वरमुद्रा है, जबकि बाएं हाथ में डमरू और अभयमुद्रा है। उनका वाहन वृषभ (बैल) है। सफेद वस्त्रों में सुशोभित महागौरी, शांति और निर्मलता का सजीव रूप प्रतीत होती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया, तब उन्होंने कई वर्षों तक जंगलों में रहकर कठिन साधना की। तपस्या इतनी कठिन और लंबी थी कि उनका सारा शरीर काला और दुर्बल हो गया। कहा जाता है कि उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव उनके सामने प्रकट हुए और उन्हें स्वीकार किया। परंतु लंबे तप के कारण उनके शरीर पर जमी धूल और कालिमा साफ नहीं हो पाई थी। तब भगवान शिव ने गंगाजल की पवित्र धारा से उनका स्नान कराया। गंगा की निर्मल जलधारा से स्नान करने के बाद देवी पार्वती का शरीर चमक उठा और वे अत्यंत गौर वर्ण की हो गईं। इसी रूप में वे महागौरी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। एक अन्य कथा में कहा गया है कि महागौरी ने अष्टम भुजा से शुम्भ-निशुम्भ नामक असुरों का संहार कर देवताओं को उनका साम्राज्य लौटाया। इसीलिए उन्हें शक्ति, पराक्रम और विजय की अधिष्ठात्री भी माना जाता है।

महागौरी की पूजा करने से जीवन की समस्त बाधाएं दूर होती हैं। विवाह में आने वाली रुकावटें दूर होती हैं और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति आती है। जो कन्याएं योग्य वर की तलाश में होती हैं, उन्हें विशेष रूप से महागौरी की पूजा करने की सलाह दी जाती है। महागौरी की आराधना से साधक के अंदर की नकारात्मकता, भय और संशय दूर होते हैं। भक्त के जीवन में आध्यात्मिकता का विकास होता है और जीवन में सौंदर्य, शांति व स्थिरता आती है। आठवें दिन प्रातः स्नान करके पूजा स्थल को शुद्ध किया जाता है। देवी की प्रतिमा या चित्र को सफेद वस्त्रों और पुष्पों से सजाया जाता है। उन्हें नारियल, चावल, श्वेत पुष्प, कुमकुम और अक्षत अर्पित किए जाते हैं। धूप-दीप से आरती कर 'ॐ देवी महागौर्यै नमः' मंत्र का जप करने से देवी प्रसन्न होती हैं। कन्या पूजन का भी विशेष महत्व इस दिन होता है। माना जाता है कि कन्याओं को भोजन कराना और उन्हें उपहार देना, महागौरी की कृपा पाने का श्रेष्ठ उपाय है। महागौरी की कथा और उनका स्वरूप हमें यह संदेश देता है कि तप और साधना से जीवन की कालिमा दूर होती है और पवित्रता प्राप्त होती है। कठिनाई और संघर्ष चाहे कितने भी गहरे क्यों न हों, विश्वास और धैर्य से अंततः उजाला अवश्य आता है। महागौरी यह भी सिखाती हैं कि जीवन में शुद्धता और आंतरिक सौंदर्य ही सबसे बड़ा धन है। जब मन निर्मल होता है, तब जीवन में शांति और सुख स्वतः ही आ जाते हैं।

## आलेख

डॉ. प्रितम गेडाम

# आधुनिक जीवनशैली में हृदय रोग का खतरा बढ़ा



हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों की समस्या नहीं रही, बल्कि युवा और बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। देश में प्रदूषण, मिलावटखोरी, तनाव, अस्वास्थ्यकर खान-पान और शारीरिक निष्क्रियता ने हृदय विकारों को तेजी से बढ़ावा दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, आधुनिक जीवनशैली में बदलाव लाना जरूरी है वरना हृदय रोग से मौत का खतरा बढ़ता जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में लगभग 19.8 मिलियन लोगों की मौत हृदय रोगों के कारण हुई। भारत में भी 40 वर्ष से कम आयु के लोगों में हृदय रोग के मामले बढ़े हैं। कोविड-19 महामारी के बाद हृदय रोग के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। धूम्रपान, शराब का सेवन, असंतुलित आहार, मानसिक तनाव और वायु प्रदूषण इस बीमारी के प्रमुख कारण हैं। दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर के अध्ययन में पाया गया कि पिछले कुछ वर्षों में युवाओं में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहा है। कई फिट और सक्रिय लोग भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं। हाल ही में कई प्रसिद्ध डॉक्टरों और सेलिब्रिटीज़ की हृदय रोग के कारण मौतें सामने आई हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं। हृदय रोग से बचाव के लिए समय पर जांच और सही इलाज आवश्यक है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, नियमित व्यायाम करना, तनाव से बचना और संतुलित आहार लेना जरूरी है। सरकार को प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि हृदय रोगों की रोकथाम हो सके। वायु प्रदूषण भी हृदय रोग का एक बड़ा कारण है। इससे रक्तचाप बढ़ता है और दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, साफ़ हवा और स्वस्थ वातावरण के लिए प्रयास जरूरी हैं। अंत में, जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से ही हृदय रोग से होने वाली मौतों को कम किया जा सकता है। हमें अपने दिल की सुननी होगी और 'एक भी धड़कन न चूकें' इस संदेश को जीवन में अपनाना होगा।

# अष्टमी-नवमी पर इस विधि से करें हवन



हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है. यह पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना के लिए समर्पित होता है. मान्यता है कि इस दौरान मां दुर्गा की पूजा, उपवास और साधना करने से भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है. धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, नवरात्र के दौरान हवन करना बेहद शुभ माना गया है.

विशेषकर अष्टमी और नवमी के दिन किया गया हवन मां दुर्गा को अति प्रिय होता है. द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि 30 सितंबर, मंगलवार को पड़ रही है. ऐसे में अष्टमी तिथि पर व्रत पारण करने वाले भक्त इस दिन हवन करें. नवमी तिथि इस साल 01 अक्टूबर, बुधवार को पड़ेगी. नवमी तिथि पर व्रत पारण करने वाले भक्त 01 अक्टूबर को हवन करें.

नवरात्र में हवन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है. यह मां दुर्गा को प्रसन्न करता है और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है. मान्यता है कि अष्टमी-नवमी हवन से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है, परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है. साथ ही जीवन से बाधाएं दूर होती हैं और मन को शांति मिलती है.

हवन सामग्री सूची: नवरात्र में हवन के लिए निम्न सामग्री की आवश्यकता होती है. जैसे हवन कुंड, आम की लकड़ी, शुद्ध देसी घी, सूखा नारियल, पान के पत्ते और सुपारी, कपूर, लाल कपड़ा, गंगाजल, चरणामृत, कलावा, आम के पत्ते, लोबान, गुग्गल, जौ, काले तिल, चावल शहद, लौंग और सूखी लकड़ियां.

# मां को बताशे का भोग क्यों माना जाता है शुभ?



22 सितंबर 2025 से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है. ऐसे में आज नवरात्रि का चौथा दिन है, जो माता कूष्मांडा को समर्पित होता है. नवरात्रि का त्योहार दैवीय शक्ति की उपासना और साधना करने के लिए विशेष समय होता है. इस दौरान माता रानी के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए नैवेद्य और प्रसाद अर्पित करते हैं. परंपराओं के मुताबिक नवरात्रि के दौरान माता रानी को बताशे का भोग विशेष रूप से चढ़ाया जाता है. आइए जानते हैं इसका धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व क्या है? हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, बताशा मिष्ठान पवित्रता और सात्विकता का प्रतीक माना जाता है. ऐसा इसलिए क्योंकि यह हल्का होने के साथ बहुत जल्दी ही पच जाता है, जिस वजह से इसे सात्विक नैवेद्य की श्रेणी में रखा जाता है. नवरात्रि के दौरान एक मान्यता ये भी है कि, मां दुर्गा को बताशा अर्पित करने से सभी तरह के कष्टों का निवारण होता है. ज्योतिष शास्त्र में बताशे का संबंध चंद्रमा और शुक्र ग्रह से है. नवरात्रि के दौरान माता रानी को बताशा अर्पित करने से चंद्रमा की अशुभ स्थिति में सुधार देखने को मिलता है. वहीं शुक्र ग्रह की कृपा से घर-परिवार में प्रेम के साथ सामंजस्य और आर्थिक समृद्धि भी आती है. जिन जातकों की कुंडली में शुक्र और चंद्रमा कमजोर होते हैं, उन्हें नवरात्रि के दौरान माता रानी को प्रसाद स्वरूप बताशा अर्पित करना चाहिए.

## आस्था

# कन्यापूजन से दूर करें सभी परेशानियां



नवरात्रि के अंतिम दिन कन्यापूजन का विशेष महत्व होता है. व्रत रखने वाले भक्त कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही अपना व्रत खोलते हैं. कन्याओं को देवी मां का स्वरूप माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख, शांति एवं संपन्नता आती है. कन्या भोज के दौरान नौ कन्याओं का होना आवश्यक होता है. इस बीच यदि कन्याएं 10 वर्ष से कम आयु की हो तो जातक को कभी धन की कमी नही होती और उसका जीवन उन्नतशील रहता है. आमतौर पर नवमी को कन्याओं का पूजन करके उन्हें भोजन कराया जाता है. लेकिन कुछ श्रद्धालु अष्टमी को भी कन्या पूजन करते हैं. नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या भोजन का विधान ग्रंथों में बताया गया है. इसके पीछे भी शास्त्रों में वर्णित तथ्य यही हैं कि 2 से 10 साल तक उम्र की नौ कन्याओं को भोजन कराने से हर तरह के दोष खत्म होते हैं. कन्याओं को भोजन करवाने से पहले देवी को नैवेद्य लगाएं और भेंट करने वाली चीजें भी पहले देवी को चढ़ाएं. इसके बाद कन्या भोज और पूजन करें. कन्या भोजन न करवा पाएं तो भोजन बनाने का कच्चा सामान जैसे चावल, आटा, सब्जी और फल कन्या के घर जाकर उन्हें भेंट कर सकते हैं.ज्योतिषाचार्य एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि नवरात्रि में कन्या पूजन को विशेष महत्व दिया गया है. सामान्यतः लोग सभी नौ दिनों में कन्याओं का पूजन कर सकते हैं, लेकिन अधिकांश श्रद्धालु दुर्गा अष्टमी और महानवमी पर ही इसे करते हैं. इस बार शारदीय नवरात्रि में कन्या पूजन 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को महानवमी पर किया जाएगा.

# दुर्गा पूजा के लिए दिल्ली के सीआर पार्क जाएं

हर साल दिल्ली में दुर्गा पूजा का आयोजन बहुत ही भक्ति और धूमधाम के साथ किया जाता है. यहां कई बड़े-बड़े पंडाल लगाए जाते हैं. सभी भक्त मिलकर मां दुर्गा की पूजा करते हैं धुनुची डांस और सिंदूर खेला भी इस दौरान किया जाता है. दिल्ली में सीआर पार्क दुर्गा पूजा के लिए सबसे प्रसिद्ध है. यहां की बात करें, तो यहां इस दौरान दूर-दूर से भक्त मां के दर्शन के लिए भक्तों को बहुत भीड़ देखने को मिलती है. इसे मिनी कोलकाता के नाम से जाना जाता है. यहां पंडाल को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया जाता है. जो दिल्ली में सबसे फेमस है.

इस समय सीआर पार्क में मां के दर्शन के लिए भक्त दूर-दूर से आते हैं. इसलिए यहां बहुत भीड़ होती है, जिसके कारण कार पार्किंग करने की जगह नहीं मिल पाती है. ऐसे में अगर आप मेट्रो से जाएंगे, तो आपके लिए ज्यादा सही रहेगा. ग्रेटर कैलाश से कॉर्पोरेट पार्क के और बी ब्लॉक पास पड़ेगा. इसके अलावा आप नेहरू एंक्लेव मेट्रो से यहां पहुंच सकते हैं. इसलिए पार्किंग के स्ट्रेस से बचने के लिए यहां मेट्रो या टैक्सी से जाना ज्यादा बेहतर रहेगा.

इसके साथ ही ध्यान रखें कि यहां पर आपको बहुत चलना पड़ सकता है. इसलिए कंफर्टेबल शूज पहन कर जाएं. अगर आप मेट्रो से जा रहे हैं, तो पंडाल तक पहुंचने के लिए आपको कुछ किलोमीटर चलना पड़ सकता है. इसलिए अगर आप हील या अनकंफर्टेबल शूज पहनेंगे, तो इससे आपको चलने में परेशानी या फिर पैरों में दर्द हो सकता है. इसलिए बेहतर ऑप्शन रहेगा कि आप कंफर्टबेल फूट वियर पहन कर जाएं.

जैसे की आपको बताया कि आपको पंडाल तक पहुंचने के लिए आपको बहुत चलना पड़ेगा. इसलिए कोशिश करें की अपने साथ बैग में पानी को बोतल और कुछ स्नैक्स लेकर जाएं. इसके साथ बैग आपके लिए यहां लेकर जाना बहुत जरूरी है, जिसमें आप पैसे, मोबाइल और अपना सामान रख सकें जिससे आपका हाथ खाली रहे.


क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।




डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# सरकार के विरोध में आदिवासी संगठनों की पत्रकार परिषद

**गढ़चिरोली.**



गढ़चिरोली जिले के आदिवासी समाज पर हो रहे अन्याय, शासकीय उदासीनता और संवैधानिक अधिकारों के हनन के विरोध में आज पत्रकार भवन, गढ़चिरोली में पत्रकार परिषद आयोजित की गई। इस परिषद की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता देवाजी तोफा ने की। परिषद में विभिन्न आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी, ग्रामसभा प्रतिनिधि तथा समाज के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पत्रकार परिषद के माध्यम से शासन और प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया गया कि गढ़चिरोली जिला अनुसूचित क्षेत्र घोषित है। इसलिए यहाँ पेसा कानून तथा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वनाधिकार) कानून, 2006 का कड़ाई से पालन करना शासन का संवैधानिक दायित्व है। लेकिन हकीकत में इन कानूनों की अनदेखी की जा रही है और विकास के नाम पर आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन का शोषण जारी है।

**मुख्य मुद्दे :**

**आदिवासी जमीन को लीज़ पर देने का विरोध :** अनुसूचित जनजातियों के नाम पर दर्ज जमीनें केवल आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं। इन्हें गैर-आदिवासियों को लीज़ पर देने की कोशिश संविधान के अनुच्छेद 46 और वनाधिकार कानून का उल्लंघन है। पूर्वजों के संघर्ष से बची जमीन अब सरकारी नीतियों से खतरे में है।

**गैर-आदिवासियों (धनगर व बंजारा) की अनुसूचित जनजाति में घुसपैठ :** हाल ही में कुछ गैर-आदिवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की कोशिश की जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो अनुसूचित जनजाति को मिलने वाला आरक्षण, शिक्षा व रोजगार की सुविधा और सामाजिक न्याय पूरी तरह प्रभावित होगा। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(g) और 46 के अनुसार आदिवासियों के हितों की रक्षा होनी चाहिए।

**पेसा भर्ती 2023 के उम्मीदवारों को स्थायी नियुक्ति :** पेसा कानून की भावना के अनुसार स्थानीय आदिवासी युवाओं को रोजगार देना शासन का कर्तव्य है। लेकिन पेसा भर्ती 2023 के तहत चयनित उम्मीदवारों को अब तक स्थायी नियुक्ति नहीं मिली है। शासन को तुरंत कदम उठाकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए।

**आदिवासी जाति सत्यापन कार्यालय को गडचिरोली से न हटाया जाए :** आदिवासी जाति का सत्यापन स्थानीय स्तर पर होना चाहिए ताकि आवेदकों को परेशानी न हो। इस कार्यालय को दूसरे जिले में स्थानांतरित करना आदिवासी छात्रों और अभ्यर्थियों पर अन्याय होगा।

### मुख्य अनशनकर्ता

1. देवाजी तोफा, निवासी लेखा मेंढा – सामाजिक कार्यकर्ता
2. नितीन पदा, निवासी पैडी – सामाजिक कार्यकर्ता
3. मा. शिवाजी नरोटे, निवासी मारदा – सामाजिक कार्यकर्ता
4. प्रशांत मडावी, निवासी गढ़चिरोली – सामाजिक कार्यकर्ता
5. गणेश वरखड़े, निवासी कुरखेडा – सामाजिक कार्यकर्ता

**आगामी आंदोलन :** पत्रकार परिषद में घोषणा की गई कि आने वाले 2 अक्टूबर 2025 (महात्मा गांधी जयंती) से गडचिरोली में शांतिपूर्ण और अहिंसात्मक तरीके से अनिश्चित अनशन शुरू किया जाएगा। यह आंदोलन किसी भी राजनीतिक दल के विरोध या समर्थन में नहीं है, बल्कि पूरी तरह आदिवासी समाज के अधिकार और अस्तित्व के लिए है। समाज के प्रत्येक वर्ग से तन-मन-धन से इसमें भाग लेने की अपील की गई। गढ़चिरोली का आदिवासी समाज अपने संवैधानिक अधिकारों को लेकर जागरूक है और अन्याय के खिलाफ एकजुट है। यदि शासन ने तत्काल संज्ञान लेकर इन मांगों को पूरा नहीं किया तो आदिवासी समाज बड़े पैमाने पर आंदोलन का रास्ता अपनाएगा, ऐसा स्पष्ट संकेत इस पत्रकार परिषद में दिया गया।

# नेरी खेत परिसर में बंदरों का आतंक

> लोगों पर हमला करने वाले बंदरों का वन विभाग नियंत्रण करे
> नागरिक तथा किसानों की माँग

**चिमूर.**



नेरी के खेत परिसर में पिछले कई दिनों से एक बड़ा बंदर घूम रहा है और लोगों को देखते ही या किसानों के खेत में घुसते ही उन पर हमला कर घायल कर देता है। इससे किसानों और नागरिकों में भय व्याप्त है। किसानों ने नेरी वन विभाग कार्यालय में एक आवेदन देकर बंदर को नियंत्रित करने की माँग किई है। नेरी क्षेत्र के खेत में पिछले कई दिनों से एक बड़ा बंदर घूम रहा है और खेत में लगी फसलों को बडा नुकसान पहुँचा रहा है। साथ ही, यह बंदर लोगों को देखते ही उन पर हमला कर उन्हें घायल कर देता है। इसलिए किसान और नागरिक खेत में जाने से भी डर रहे हैं। क्योकीं यह बंदर किधरसे आकर कब हमला कर देगा, इसका कोई सटीक पता नहीं होता है। इसलिए महिला और पुरुष किसान सदमे में हैं और उनमें भय व्याप्त है। क्षेत्र के किसानों और नागरिकों ने वन विभाग से तुरंत इस बंदर को नियंत्रित करने और इसे पकड़कर जंगल में छोड़ने की माँग की है। इसी तरह परिसर के ग्रामीण क्षेत्र मे भी बंदरों ने गावों मे घुसकर आतंक मचा रखा है। किसिके खाद्यान्न वस्तुओं का नुकसान कर रहे है तो किसिके घर का छत फोड रहे है। इस और भी वनविभाग ने ध्यान देणे की जरूरत है।

# भिसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना शराब का अड्डा

> भिसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का पंचनामा

**चिमूर,**



भिसी अप्पर तालुका में भिसी लगभग 20,000 की आबादी वाला एक गाँव है। इस भिसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छह उप-केंद्र हैं। भिसी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाले एक सरकारी भवन में, पिछले कुछ महीनों से एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रह रहा था। इस भवन में भिसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी पार्टियाँ करते थे। इन पार्टियों में शराब और बीयर भी शामिल थी, जिसकी चिकित्सा अधिकारियों ने पूरी तरह से अनदेखी की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एक कर्मचारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को दिखाया कि ये सभी शराब और बीयर की बोतलें रसोई की अलमारी में रखी हुई है। उक्त प्रतिनिधियों ने इसकी तस्वीर खींच ली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कुछ कर्मचारी इस बारे में कानाफूसी कर रहे थे। इसलिए, यहाँ रहने वाले कर्मचारियों ने अगले दिन जो भी थैलियाँ मिलीं, उन्हमे भरकर यह बोतले भिसी के कबाड़ियों को बेच दीं। ताकि मीडिया प्रतिनिधि को इस बारे में पता चले और अधिकारियों का पर्दाफाश हो, जिन स्वास्थ्य सहायकों के नाम पर यह क्वार्टर सरकारी कॉलोनी में था। उन्होंने उस चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कुछ ही दिनों में इस कॉलोनी से निकाल दिया। हालाँकि, अंततः 26 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही शराब पीकर ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी के कारण, एक-एक करके अधिकारियों की पोल खुलनी शुरू हो गई। इसलिए, भिसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की जाँच की जानी चाहिए और सरकारी कॉलोनी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शराब पीकर ड्यूटी पर मौजूद लोगों को निलंबित करने की कार्रवाई की जानी चाहिए। भीम आर्मी के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश मेश्राम ने स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी से शिकायत कर तत्काल निलंबन की मांग की है।

**चिकित्सा अधिकारियों की लापरवाही :** इस संबंध में तालुका चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहनीश गिरी के ध्यान में जब कई बार मामला लाया गया, तो उन्होंने अक्सर चिकित्सा अधिकारी को जाँच कर कार्रवाई करने का आदेश देकर समय बर्बाद किया। इससे यहाँ के कर्मचारियों की अनदेखी हो रही थी, यही वजह है कि 26 सितंबर को एक कर्मचारी शराब पीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर था। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर निगरानी के अभाव के कारण आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मचारियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

# ताडोबा में स्थानीय लोगों के लिए सस्ती सफारी का मौका

> कैमरा शुल्क माफ़, ग्लास पानी की बोतल मुफ़्त

**चंद्रपूर/चिमूर, शुभम बारसागडे**



चंद्रपुर जिले के स्थानीय पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है जो ताडोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व घूमने जाना चाहते हैं, क्योंकि स्थानीय लोगों को अब विशेष छूट वाली सफारी का मौका मिलेगा। नए फैसले के अनुसार, क्रूज़र वाहन में सफारी के लिए प्रति व्यक्ति केवल 720 रुपये का शुल्क लिया जाएगा, जिसमें कैमरा शुल्क भी शामिल है। उप वन निदेशक (कोर), कार्यालय, मूल रोड, रामबाग वन कॉलोनी, चंद्रपुर में बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इस फैसले से ताडोबा आने वाले स्थानीय पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक कई परिवार और युवा महंगे शुल्क के कारण वंचित रह जाते थे, लेकिन अब उन्हें बाघ दर्शन और जंगल सफारी का आनंद लेने का मौका मिलेगा। ए.आर. मोहूर्ली (कोर) के वन परिक्षेत्र अधिकारी गोंड के अनुसार, ताड़ोबा में मोहूर्ली गेट पर 4 और कोलारा गेट पर 3 क्रूजर वाहन उपलब्ध हैं। इन वाहनों के लिए टिकट बुकिंग की सुविधा वर्तमान में केवल चंद्रपुर स्थित उप निदेशक (कोर) कार्यालय में ही उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, प्रत्येक बुकिंग पर्ची के साथ एक ग्लास पानी की बोतल मुफ्त दी जाएगी और कैमरा शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। पहले कैमरा पर्ची के लिए ₹250 लिए जाते थे, जिससे पर्यटकों को सफारी गेट पर लंबी कतारों का सामना करना पड़ता था और सफारी जाने में देरी होती थी। अब यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो गई है। कुछ लोगों का कहना है कि ताड़ोबा सफारी की दरों में वृद्धि की गई है।

# आंबोली क्षेत्र के बाघ को तुरंत नियंत्रित कर स्थानांतरित करें

> यदि आठ दिनों के भीतर माँगें पूरी नहीं हुईं तो 'रास्ता रोको, ठिय्या आंदोलन' का इशारा

> वनविभाग को सौपा गया ज्ञापन

**चिमूर.**



आंबोली, चिचाला (शास्त्री), लावारी, वाकरला, जवराबोली, गड़पिपरी, बोरगाँव (डोये) पुयारदंड क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से बाघों का उत्पात जारी है। 18 सितंबर को लावारी ग्राम की विद्या कैलाश मसराम नामक महिला को बाघ ने हमला कर जान से मार डाला। जिससे किसानों और खेतिहर मजदूरों में भय का माहौल है। इसी प्रकार, 26 सितंबर 2025 को आंबोली चौराहे पर बाघ ने एक गाय का शिकार किया और उसी दिन दोपहर चिचाला (शास्त्री) में विनायक वासनिक के खेत में एक बाघ ने नील गाय का शिकार किया। पिछले 15 दिनों से आंबोली क्षेत्र में बाघ को लगातार देखा जा रहा है। इसलिए परिसर मे काफी डर का माहोल बना हुआ है।

वंचित बहुजन युवा आघाड़ी के जिला अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत सदस्य शुभम मंडप ने मांग किई है की बाघ को तुरंत नियंत्रित किया जाए।

**तीन मुख्य मांगे :** क्षेत्र मे आतंक मचा रहे सभी बाघों को दूसरे जंगल में स्थानांतरित किया जाए। लावारी गांव के चारों ओर एक तार का कंपाउंड बनाया जाए। आंबोली, चिचाला (शास्त्री), गडपिपरी और पुयारदंड गांवों के पास के जंगल को तार का परिसर ( कंपाउंड ) तयार करे। ऐसी मांग भिसी क्षेत्र सहाय्यक नैताम से निवेदन द्वारा किई गयी है।

**आठ दिन का अल्टीमेटम :** इन सभी मांगों को आठ दिन के भीतर पूरा नहीं किया गया तो, वन विभाग को चेतावनी दिई गयी है की, क्षेत्रों के किसानों और मजदूरों को साथ लेकर आंबोली चौराहे पर "रास्ता रोको, ठिय्या आंदोलन" किया जाएगा।

इस समय वंचित बहुजन युवा आघाडी के जिला अध्यक्ष तथा ग्रा.पं. सदस्य शुभम मंडपे, राजेंद्र जाधव, वैभव ठाकरे, योगेश करारे, दिनकर सिंगारे, प्रणय ठाकरे, संकेत पारधी, अनंत डोये, सुधाकर कुर्वे, विश्वास रामटेके, आशीष दडमल, विनोद बारेकर, संजय शिवरकर और आंबोली, लावारी, चिचाला गड़पिपरी, पुयारदंड, वाकरला जवराबोली क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जनसेवा का संकल्प

> विधायक मुनगंटीवार का अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने का संकल्प

> भाजपा वणी विधानसभा कार्यकर्ताओं की सभा

**वणी, सुनील तायडे**




एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपना जीवन लक्ष्य मानकर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता वणी विधानसभा क्षेत्र में कार्य करने का दृढ़ संकल्प लें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रेरक विचारों को आधार बनाकर, "हमारे अंदर अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने की शक्ति होनी चाहिए।" यह बात पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कही।

एस.बी. लॉन वणी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी वाणी विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे. इस अवसर पर चंद्रपुर जिले के संरक्षक मंत्री अशोक उइके, पूर्व विधायक संजीव रेड्डी बोदकुरवार, ललिता बोदकुरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष तारेंद्र बोर्डे, दिनकर पावड़े, विजय पिदुरकर, खाड़े सर, विजय पिंपलशेंडे, रवि बेलूरकर, कुणाल चोरडिया, श्रीकांत पोटदुखे, मंगला पावड़े, संध्या अवताडे, उमा पिदुरकर, मीरा पोतराजे, प्रदीप जेउरकर, नीलेश चौधरी, अविनाश लांबट, संतोष डांभरे, भाजपा पदाधिकारी, कर्मचारी संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, आज एकात्म मानववाद के मूल सिद्धांतों के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। जब मैं लोकसभा चुनाव में खड़ा हुआ, तो प्रत्येक कार्यकर्ता ने कड़ी मेहनत की, जिसके लिए मैं सभी का हृदय से आभारी हूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हमारे विचारों के सच्चे प्रेरणास्त्रोत हैं। समय के साथ कई परिस्थितियां बदल जाएंगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और मूल्य कभी नहीं बदलेंगे। इस विचार को आत्मसात करने वाले और पार्टी की आत्मा के रूप में काम करने वाले भाजपा कार्यकर्ता ही असली ताकत हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वणी विधानसभा का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए आगे आएगा। मैं भी पूरी ताकत के साथ इस संकल्प यात्रा में सभी के साथ मजबूती से खड़ा हूं, और लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में पीछे नहीं हटूंगा, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया।

किसी भी देश की वास्तविक प्रगति केवल विकास के आँकड़ों से ही नहीं, बल्कि सबसे गरीब व्यक्ति के उत्थान से भी मापी जाती है। यह देखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या देश का धन रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार जैसी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने पर खर्च हो रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की यह पसंदीदा उक्ति थी, "हमारे पास समाज की आखिरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने की शक्ति होनी चाहिए। विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, "हम सभी उनके विचारों के अनुयायी हैं।"

# महागांव में 'स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर को उत्साही प्रतिसाद

**गढ़चिरोली.**



सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, महाराष्ट्र शासन और जिला परिषद गढ़चिरोली के संयुक्त प्रयास से "स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार अभियान" के तहत अहेरी तालुका के महागांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर को महिलाओं से उत्साही प्रतिक्रिया मिली।

आभा कार्ड और चिकनसेल रोगी कार्ड का पंजीकरण और वितरण गर्भवती महिलाओं की प्रसूति पूर्व जांच, माता और बाल सुरक्षा कार्ड का वितरण एवं मार्गदर्शन आयुष्मान भारत और वन वंदना योजना के अंतर्गत कार्ड पंजीकरण मासिक धर्म स्वच्छता और प्रबंधन पर मार्गदर्शन पोषण और संतुलित आहार के बारे में जानकारी का वितरण इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक करना, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराना, तथा किशोरियों और युवतियों में स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. लुबना हकीम और उनकी स्वास्थ्य टीम ने सक्रिय भागीदारी की। महागांव ग्रामपंचायत की सरपंच मडावी ताई की विशेष उपस्थिति रही। लाभार्थियों को विभिन्न चिकित्सकीय जाँचें, परामर्श और स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस सफल कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेविका, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सेविकाओं का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया और कई महिलाओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की नियमित आवश्यकता है।




CMYK

# थलपति विजय की फीस सुनकर रह जाएंगे हैरान




साउथ सुपरस्टार थलपति विजय इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जन नायगन'को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म को लेकर एक्टर के फैंस में इसलिए एक्साइटमेंट है, क्योंकि ये एक्टर की आखिरी फिल्म है.इस फिल्म के बाद से थलपति राजनीतिक गलियारों में पूरी तरह एक्टिव होने का प्लान कर चुके हैं. ये एक्टर की 69वीं फिल्म होगी, हालांकि ये फिल्म एक्टर को मिल रही फीस को लेकर भी काफी चर्चा में है.

इस फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इसकी फीस को लेकर है. रिपोर्ट्स की मानें, तो एक्टर को इस फिल्म के लिए करीब 275 करोड़ रुपए मिले हैं. अगर ये आंकड़ा सही है तो यह साउथ सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फीस में से एक है.'जन नायगन' एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है, जिसमें पूजा हेगड़े, बॉबी देओल और प्रकाश राज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे. फिल्म का डायरेक्शन एच विनोद कर रहे हैं. ये फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका टीजर कुछ वक्त पहले सामने आया था. इस फिल्म के साथ ही एक्टर 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में उतरने की तैयारी में लगे हुए हैं.करियर के शुरुआती दौर की बात करें, तो थलपति विजय ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर सिनेमा में अपना पहला कदम रखा था. इसके बाद से उन्होंने लीड एक्टर के तौर पर डेब्यू करने के बाद कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं.




# प्रभास की फिल्म 'राजा साब' का ट्रेलर डेट आउट



प्रभास की पिछली फिल्म 'कल्कि 2898एडी' थी. जो साल 2024 में रिलीज की गई थी. हालांकि, इस साल वो 'कन्नप्पा' में नजर आए हैं, पर फिल्म में महज उनका कैमियो था. कई बड़ी फिल्मों का जल्द काम निपटाएंगे, तो कुछ पर काम कर भी चुके हैं. जिसमें से 'फौजी' भी एक है. पर जिस फिल्म को पहले इसी साल अप्रैल में रिलीज किया जाना था, वो है 'राजा साब'. फिल्म को अप्रैल से पोस्टपोन कर दिसंबर में नई रिलीज डेट मिली. फिर से पोस्टपोन हो गई है, पर अब ट्रेलर आ रहा है. इस फिल्म को मारुति डायरेक्ट कर रहे हैं. जानिए ट्रेलर कब आएगा?प्रभास की इस फिल्म में संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं. जिनका लुक पहले ही रिवील किया जा चुका है. दरअसल ऐसी चर्चा है कि प्रभास की पिक्चर साल 2026 की शुरुआत में रिलीज होगी. हालांकि, मकर संक्रांति पर उन्हें काफी खतरा है, क्योंकि चिरंजीवी और थलपति विजय की भी फिल्म उसी वक्त आ रही है. अब नए पोस्ट में प्रभास ने क्या कुछ लिखा है?प्रभास ने एक तस्वीर के साथ इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर किया है. जिसमें लिखा कि- राजा साब की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं. फिल्म का ट्रेलर 29 सितंबर को रिलीज किया जाएगा. सोमवार यानी कल फिल्म का ट्रेलर लाया जाएगा, जिसका समय है- शाम को 6 बजे. साथ ही प्रभास और संजय दत्त का एक नया पोस्टर भी रिवील किया गया है. जिसमें संजय दत्त काफी खूंखार लग रहे हैं. दरअसल ऐसा भी कहा जा रहा है कि 'कांतारा चैप्टर 1' के साथ इस फिल्म का ट्रेलर अटैच होगा.

## 9 महीने बाद भी 'छावा' का जलवा कायम

बॉक्स ऑफिस के मैदान पर भारत में एक समय बॉलीवुड का जलवा देखने को मिलता था. लेकिन पिछले 5-6 सालों में इसमें बड़े बदलाव देखने को मिले हैं. अब साउथ की फिल्में बॉलीवुड को कड़ी टक्कर देती नजर आती हैं. ऐसा पिछले कुछ सालों से लगातार देखने को मिल रहा है. साल 2023 जहां एक तरफ बॉलीवुड के नाम था वहीं दूसरी तरफ साल 2024 में पूरी तरह से साउथ का जलवा देखने को मिला.लेकिन साल 2025 में कांटा मुकाबले का नजर आ रहा है. इस साल भारत की भी 5 फिल्मों ने शानदार कमाई की है. वहीं दूसरी तरफ साउथ की भी 5 फिल्मों ने दमदार कमाई की है. लेकिन इस साल विकी कौशल की छावा की वजह से बॉलीवुड का पड़ला अब तक भारी नजर आ रहा है.साल 2025 में विकी कौशल ने शुरुआत में ही बड़ी सुपरहिट दे दी थी और आने वाली फिल्मों के लिए एक बड़ा टारगेट सेट किया था. इसके बाद लव स्टोरी सैयारा ने भी अपने कलेक्शन से सभी को चौंका दिया. वहीं इस लिस्ट में इस बार अक्षय कुमार और आमिर खान ने भी अपनी जगह बना ली है. लेकिन अब विकी कौशल के लिए साउथ से बुरी खबर आ रही है. ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा चैप्टर 1 दस्तक देने जा रही है. ये फिल्म सिनेमाघरों में साल 2025 की पहली 1000 करोड़ी फिल्म साबित हो सकती है बल्कि उससे भी ज्यादा पोटेंशियल रखती है.

# बीच पर तारा सुतारिया का ग्लैमरस अंदाज़




बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अपने ग्लैमरस फोटोज और वीडियोज शेयर कर अपने तमाम चाहने वाले फैंस का दिल धड़का देती हैं. तारा सुतारिया ने अब मालदीव वेकेशन की अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और बोल्ड अंदाज दिखाया है.

फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की तस्वीरें देखकर आहें भरने पर मजबूर हो रहे हैं. तारा सुतारिया ने ब्लैक कलर की रिवीलिंग ड्रेस में पोज दिए हैं, जिन पर फैंस प्यार लुटा रहे हैं. आइए देखते हैं कि तारा सुतारिया ने कौन सी फोटोज शेयर की हैं और फैंस क्या कमेंट कर रहे हैं. तारा सुतारिया ने मालदीव वेकेशन पर जमकर एंजॉय कर रही हैं और उन्होंने इसकी झलक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दिखाई है. उन्होंने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें आप देख सकते हैं ब्लैक कलर की बिकिनी पहने हुए नजर आ रही हैं. उन्होंने काफी बोल्ड अंदाज में पोज दिए हैं. तारा सुतारिया का कर्वी फिगर देखकर फैंस उन पर लट्टू हो रहे हैं.

# सैफ के सामने प्रोड्यूसर ने रखी अजीब शर्त

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान ने अपनी दमदार एक्टिंग से फिल्मी दुनिया में अच्छा मुकाम हासिल कर लिया है. वह हीरो से लेकर विलेन तक हर रोल में लोगों को पसंद आते हैं. सैफ अली खान के बैकग्राउंड की बात करें तो उनकी मां इंडियन सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस रही हैं तो पति भारतीय क्रिकेट टीम के कैप्टन रहे हैं. हालांकि, एक्टर ने सिनेमा के गलियारों में आने के दौरान काफी स्ट्रगल किया. सैफ अली खान ने एक किस्सा सुनाया और बताया है कि एक बार उन्हें अपनी फीस लेने के बदले में फीमेल प्रोड्यूसर को 10 किस देने पड़ते थे. आइए जानते हैं कि ये पूरा किस्सा क्या है.



सैफ अली खान ने खुद से बड़ी एक्ट्रेस अमृता सिंह से प्यार हो गया था और उन्होंने 21 साल की उम्र में शादी कर ली थी. वह 25 साल की उम्र में पिता बन गए थे और उनके ऊपर आर्थिक जिम्मेदारी आ गई थी. सैफ अली खान ने 'एस्क्वायर इंडिया' को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि एक फीमेल प्रोड्यूसर ने उनके एक सप्ताह की फीस 1000 रुपये तय की थी. लेकिन फीमेल प्रोड्यूसर ने इसके साथ अजीब शर्त रखी थी कि जब वह जितनी बार उन्हें पैसे देगी, उतनी बार सैफ अली खान को उनके गाल पर 10 बार किस करना पड़ेगा. इस तरह से पता चलता है एक्टर कितने भी अमीर परिवार से आए लेकिन उनका करियर के शुरुआती दौर में काफी संघर्ष करना पड़ा.सैफ अली खान ने आगे बताया.

# मां बनने की खुशी छलकी किआरा की पोस्ट में

बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी मदरहुड जर्नी को पूरी तरह एंजॉय कर रही हैं. 15 जुलाई को एक्ट्रेस और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी जिंदगी में नन्हीं परी का वेलकम किया. तब से लेकर अब तक कियारा अकसर सोशल मीडिया पर अपनी इमोशनल पोस्ट्स शेयर करती रहती हैं. भले ही उन्होंने अभी तक बेटी का चेहरा नहीं दिखाया, लेकिन उनके छोटे-छोटे इशारे फैंस के दिल छू लेते हैं.हाल ही में कियारा आडवाणी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक मासूम सी स्टोरी शेयर की है, जिसमें एक पिक्चर है, और वो गोल्ड के लॉकेट की है, देखने में यह पेंडेंट बेहद सिंपल नजर आ रहा है, लेकिन कियारा के लिए इसके मायने बहुत खास हैं.



दरअसल, इसमें 'मामा' लिखा है, और अभी कुछ वक्त पहले ही वो एक प्यारी सी बेटी की मम्मा बनी हैं, तो अपने मदरहुड के प्यारे पलों को कुछ इस अंदाज में फैंस के साथ शेयर कर रही हैं. इस ज्वैलरी पीस के जरिए उन्होंने बताया, कि अब उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रोल 'मां' का है, और वे हर पल को सहेज कर रखना चाहती हैं.कियारा और सिद्धार्थ की जोड़ी फैंस की फेवरेट है. दोनों की लव स्टोरी फिल्म 'शेरशाह' की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी. लंबे रिलेशनशिप के बाद कपल ने 7 फरवरी 2023 को जैसलमेर में ग्रैंड शादी की थी. अब शादी के दो साल बाद कपल के घर खुशियों की किलकारी गूंजी है. फैंस भी बेसब्री से उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब ये कपल अपनी नन्हीं परी का चेहरा दिखाएगा. मां बनने के बाद कियारा ने अपने करियर से ब्रेक नहीं लिया.

# कोरियन सिनेमा में डेब्यू करेंगी एकता कपूर



टेलीविजन सीरियल की दुनिया में एकता कपूर का काफी नाम हैं, उन्होंने कई सारे कमाल के सीरियल बनाए हैं. साथ ही उन्होंने वेब सीरीज और फिल्में भी प्रोड्यूस की है. एकता कपूर के सीरियल में ज्यादातर के नाम क अक्षर से शुरू होते हैं. साथ ही लोगों को उनके सीरियल भी काफी पसंद भी आते हैं. लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करके जानकारी शेयर की है, जो उनके सीरियल से जुड़ी हुई तो नहीं है, लेकिन उन्होंने खुद को लेकर खबर बताई है.प्रोड्यूसर एकता कपूर के सीरियल काफी पॉपुलर होते हैं, साथ ही उनकी टीआरपी भी कमाल की होती है, लेकिन अब वो खुद एक प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं. हालांकि, ये कोई टीवी सीरियल नहीं, बल्कि एक कोरियन ड्रामा होने वाला है. इस बात की जानकारी एकता कपूर ने खुद के इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो के जरिए किया है. उन्होंने कहा कि मैं ओजी क्वीन हूं K ड्रामा की आपके लिए एक अपडेट लाई हूं, मैं कोरियन ड्रामा में नजर आऊंगी.इस वीडियो को एकता ने अपने स्टोरी पर शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने लिखा है कि सरप्राइज 29 सितंबर 1 बजे. हालांकि, इस खबर के बाद से कई लोगों को 29 सितंबर का इंतजार है, क्योंकि लोगों को जानना है कि क्या सच में एकता कोरियन ड्रामा में नजर आने वाली हैं.

# दुर्गा पंडाल में काजोल के बच्चों की प्यारी झलक

देशभर में इस समय दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है. देश के कोने कोने में लोग नवरात्रि का त्योहार मना रहे हैं. ऐसे में भला बॉलीवुड कैसे पीछे रह सकता है. बीते कई दिनों से बॉलीवुड सितारे लगातार दुर्गा पंडाल जा रहे हैं. यहां पर सितारों को माता की भक्ति में लीन होते हुए देखा गया है. इस लिस्ट में बॉलीवुड अदाकारा काजोल का नाम सबसे पहले आता है. काजोल को हाल ही में रानी मुखर्जी के साथ जमकर पोज देते हुए देखा गया था. इसी बीच काजोल एक बार फिर से दुर्गा पंडाल जा पहुंची हैं. इस दौरान काजोल अपने बच्चों के साथ माता के दर्शन करती दिखीं. इसी बीच सोशल मीडिया पर युग और न्यासा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसे देखकर फैंस का दिल खुश हो गया है. सोशल मीडिया पर इस समय काजोल के बच्चों का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में युग देवगन अपनी बहन को जमाने के सामने गले लगाते नजर आ रहे हैं. वीडियो की शुरुआत में तो युग देवगन अपनी बहन से बात करते दिखे. अचानक ही न्यासा ने युग देवगन को देखकर मुस्कुराना शुरू कर दिया. बस फिर क्या था युग देवगन ने बिना देर किए अपनी बड़ी बहन को गले लगा लिया. भाई बहन के इस प्यार ने फैंस को इमोशनल कर दिया है. यही वजह है जो फैंस अब भाई बहन की इस जोड़ी की तारीफ कर रहे हैं.दुर्गा पंडाल में न्यासा येलो कलर का सूट पहनकर पहुंची थीं. अपने लुक को निखारने के लिए न्यासा ने अच्छा से हेयरस्टाइल भी कैरी किया है. वहीं युग देवगन ब्लू व्हाइट कुर्ता पायजामा में नजर आए. बता दें हाल ही में युग देवगन ने अपना जन्मदिन मनाया है.

CMYK

# पैरा आर्चरी में 18 साल की शीतल की चमक

**नई दिल्ली.** भारत की 18 साल की पैरा आर्चरी खिलाड़ी शीतल देवी का चीन के ग्वांग्जू शहर में चल रही वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला है। शीतल देवी पहली ऐसी पैरा आर्चरी बन गई हैं, जो बिना हाथ के गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हुई है। शीतल देवी ने महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्की की नंबर-1 तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को मात देने के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत इवेंट में भारत की शीतल देवी और तुर्की की ओजनूर क्यूर गिर्डी के बीच काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस खिताबी मैच का जब पहला राउंड खत्म हुआ तो उस समय दोनों पैरा आर्चरी का स्कोर 29-29 था। इसके बाद दूसरे राउंड से शीतल ने बढ़त बनाना शुरू किया जिसमें उन्होंने लगातार तीन शॉट 10-10 अंक के लगाए और 30-27 से आगे रहीं। तीसरे राउंड में दोनों प्लेयर्स के बीच फिर बराबरी का मुकाबला देखने को मिला जिसमें 29-29 अंक पर ये खत्म हुआ। चौथे राउंड को लेकर बात की जाए तो इसमें शीतल ने जहां कुल 28 अंक हासिल किए तो वहीं तुर्की की खिलाड़ी गिर्डी ने कुल 29 अंक अपने नाम किए। चार राउंड का खेल खत्म होने के बाद कुल स्कोर 116-114 था, जिसमें शीतल अभी भी 2 अंकों से आगे थी।

आखिरी राउंड में शीतल ने फिर दिखाया अपना कमाल

इस मैच के आखिरी राउंड पर सभी की नजरें टिकी हुई थी, जिसमें 18 साल की भारतीय पैरा आर्चरी महिला खिलाड़ी शीतल देवी का कमाल देखने को मिला और उन्होंने अपने

तीन शॉट में कुल 30 अंक हासिल करने के साथ गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा कर लिया। पांचवां राउंड खत्म होने के बाद शीतल का स्कोर जहां 146 था तो वहीं तुर्की की खिलाड़ी ओजनूर क्यूर गिर्डी 143 अंकों के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल ही जीतने में कामयाब हो सकी। शीतल इस इवेंट में बिना हाथों वाली एकमात्र पैरा तीरंदाज हैं और निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का उपयोग करती हैं।

# आईसीसी ने वर्ल्ड कप कमेंट्री पैनल की घोषणा की

**नई दिल्ली.** आईसीसी ने वूमेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के लिए कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है। इस बार कमेंट्री पैनल में महिला खिलाड़ियों को खास तवज्जो दी गई है, जहां कई दिग्गज महिला क्रिकेटर और अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। खास बात यह है कि पैनल में भारत की दो पूर्व कप्तान और पाकिस्तान की पूर्व क्रिकेटर को भी जगह मिली है।




कमेंट्री पैनल में वर्ल्ड कप विजेता मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस के साथ भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और अंजुम चोपड़ा, पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन शामिल होंगे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के एरॉन फिंच, वेस्टइंडीज के कार्लोस ब्रेथवेट, भारत के दिनेश कार्तिक, न्यूजीलैंड की केटी मार्टिन, इयान बिशप, नताशा फैरेंट, म्पुमेलो म्बांगवा और रसेल अर्नोल्ड भी इस कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। अनुभवी नताली जर्मनोस, एलन विल्किंस और कास नायडू के अलावा रौनक कपूर और जतिन सप्रू जैसे उभरते चेहरे भी कमेंट्री पैनल की शोभा बढ़ाएंगे। कमेंट्री पैनल में

शामिल कि जाने पर मिताली राज ने वर्ल्ड कप 2025 को अगली पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने वाला टूर्नामेंट बताया। मिताली राज ने कहा कि भारत और श्रीलंका में महिला वर्ल्ड कप का आयोजन देखना बेहद संतोषजनक है। यह न केवल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का जश्न मनाने के बारे में है, बल्कि क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाली नई पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने के बारे में भी है। एक खिलाड़ी के रूप में इस सफर का हिस्सा होने के नाते अब वह कमेंट्री बॉक्स से अपने अनुभव साझा करने और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डालने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारे खेल के भविष्य को आकार देंगे।

# अनुष्का ठोकुर ने 3पी में जीता स्वर्ण




**नई दिल्ली.** जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पहले दिन राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चौथे दिन खेले गए फाइनल में अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुषों की जूनियर 3पी स्पर्धा में भारत के एड्रियन कर्माकर ने रजत पदक जीता, जबकि खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा। एआईएन शूटरों के लिए यह खास दिन रहा, जिन्होंने दोनों फाइनल्स में कुल चार पदक अपने नाम किए।

अनुष्का ने फाइनल में 461.0 का स्कोर किया, जिसमें खड़े होकर शूटिंग करते हुए अपनी 35वें शॉट पर परफेक्ट 10.9 भी शामिल था। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31x स्कोर किया था और फाइनल में 6.1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण हासिल किया। एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना 454.9 (क्वालिफिकेशन: 580-23x) के साथ रजत पर रहीं, जबकि उनकी साथी मारिया क्रुगलोवा ने 444.0 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। एआईएन की ही अनास्तासिया गोरुखोवा चौथे स्थान पर 434.3 अंकों के साथ रहीं।

# टी20 में नेपाल का इतिहास वेस्टइंडीज पर धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली.** नेपाल ने वेस्टइंडीज को तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में हराकर इतिहास रच दिया है. शरजाह में खेले गए इस मैच में नेपाल एक एसोशिएट मेंबर होते हुए किसी फुल मेंबर टीम को इस फॉर्मेट में हराने वाली पहली टीम बन गई है. नेपाल क्रिकेट टीम ने शनिवार को विश्व क्रिकेट में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए वेस्टइंडीज टीम को हराकर इतिहास रच दिया है. रोहित पौडेल की अगुवाई में नेपाल ने शारजाह में दो बार की विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को 19 रन से हराकर अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार किसी फुल-मेंबर टीम को मात दी. तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में मिली इस जीत से नेपाल ने 1-0 की बढ़त बना ली. फुल-मेंबर टीम के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय सीरीज की शुरुआत नेपाल ने शानदार अंदाज में की. इससे पहले




नेपाल ने 2014 में अफगानिस्तान को एक टी20 मैच में हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान अभी भी एसोसिएट सदस्य था. वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. लेकिन नेपाल ने शनिवार को इतिहास रचने का ही फैसला किया था. पहले बल्लेबाजी करते हुए उसने 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए. हालांकि नेपाल की शुरुआत बेहद खराब रही जब 12 रन पर ही दोनों ओपनर कुशल भुर्तेल और आसिफ शेख पवेलियन लौट गए. लेकिन इसके बाद कुशल मल्ला (21 गेंदों पर 30 रन) ने कप्तान पौडेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 गेंदों पर 58 रन की साझेदारी की. लेकिन डेब्यू लेग स्पिनर नवीन बिदैसी ने पौडेल और मल्ला दोनों को आउट कर दिया. बिदैसी ने 3 विकेट लेकर 29 रन दिए.

लेकिन गुलशन झा (16 गेंदों पर 22 रन) और दिपेंद्र सिंह (19 गेंदों पर 17 रन) ने टीम को 140 के पार पहुंचा दिया. गेंदबाजी में जेसन होल्डर सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि नवीन बिदैसी ने 3 विकेट निकाले. अंतिम से पहले ओवर में जेसन होल्डर ने तीन विकेट लिए और नेपाल का स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन पर ही रुक गया.

# 62वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज

**गुंटूर,** आंध्र प्रदेश. 62वीं राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के पाँच राउंड के बाद चार बार के राष्ट्रीय चैम्पियन और देश के लिए सबसे ज्यादा ओलंपियाड खेलने वाले पीएसपीबी के कृष्णन शशिकिरण नें आज अपनी पाँचवीं जीत दर्ज की , दूसरे बोर्ड पर उन्होने केरला के गौतम कृष्णा को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया , काले मोहरो से खेलते हुए कृष्णन शशिकिरण नें नीमजो लार्सन अटैक के सामने अपने राजा को केंद्र के करीब रखकर बेहद रचनात्मक शतरंज खेला और मोहरो के शानदार तालमेल के चलते 64 चालों में जीत दर्ज की । हालांकि पाँचवीं जीत एक और खिलाड़ी नें दर्ज की , रेल्वे के अरोण्यक घोष नें , उन्होने काले मोहरो से महाराष्ट्र के कशिश मनोज जैन को हाथी के एंडगेम में 44 चालों में पराजित किया ।



पहले बोर्ड पर पीएसपीबी के सूर्या शेखर गांगुली को पहले बोर्ड पर आंध्र प्रदेश के ललित बाबू नें ड्रॉ पर रोक लिया ।अब कल छठे राउंड में 5 अंको पर सबसे आगे चल रहे कृष्णन शशिकिरण और अरोण्यक घोष का आमना सामना होगा । पांच राउंड के बाद पीएसपीबी के सूर्या गांगुली , अभिजीत गुप्ता , गोवा के आदि अमेय ,रेल्वे के आयुष शर्मा , दीपन चक्रवर्ती , रवि तेजा , हरयाणा के अदित्या डिंगरा , यूपी के अजय संतोष 4.5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है ।

# आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में रश्मिका-कपिल ने जीता गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली.** भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। इसमें रश्मिका और कपिल ने तीसरे दिन एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया। इनेस ओर्टेंगा कास्त्रो और लुकास सांचेज की स्पेन की जोड़ी ने पेरिमाह अमीरी मोहम्मद रेजा अहमादी की ईरान की जोड़ी को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता।




रश्मिका और कपिल की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और क्वालीफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं, वंशिका और गेविन की जोड़ी ने क्रमशः 287 और 291 अंक से कुल 578 अंक के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि शुक्रवार को मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल खिताब जीतने वाले गेविन ने यहां काफी गलतियां की।

उन्होंने 9.9 के बाद 10.5 और 10.6 अंक जुटाए, लेकिन इसके बाद लगातार तीन प्रयास में 9.7, 9.8 और 9.5 ही हासिल कर पाए।

वंशिका ने भी तीन निशाने नौ अंक से कम पर लगाए, जिससे गोल्ड मेडल इस जोड़ी के हाथों से फिसल गया। यहां भारत अभी तीन स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल नौ पदक जीतकर शीर्ष पर है।

व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआइएन) दो स्वर्ण पदक के साथ दूसरे, जबकि इटली एक स्वर्ण और एक रजत के साथ तीसरे स्थान पर है।

# मैरीकॉम के फरीदाबाद घर में चोरी



**नई दिल्ली.** छह बार की वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता भारतीय दिग्गज बॉक्सर एमसी मैरीकॉम के फरीदाबाद स्थित घर पर चोरी हो गई। यह घटना शनिवार को हुई। यह वारदात उस समय हुई जब वह घर पर नहीं थीं। वह मेघालय में हैं। वहां वह सोहरा में एक मैराथन कार्यक्रम में भाग लेने गई हुई हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस घटना की जानकारी उन्हें उनके पड़ोसियों से मिली। मैरीकॉम ने बताया कि चोर अपने साथ टीवी और अन्य सामान ले गए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि चोरी किए गए सभी सामान के बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। इसकी जानकारी उनके दिल्ली आने के बाद ही चलेगी।

चोरी की घटना को लेकर मैरी कॉम ने बताया कि मैं घर पर नहीं हूं। घर पहुंचने के बाद ही मुझे ठीक-ठीक पता चल पाएगा कि मेरे घर से चोर क्या सब ले गए। सीसीटीवी फुटेज में चोर टीवी और अन्य सामान ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मेरे पड़ोसियों ने मुझे बताया कि यह घटना 24 सितंबर को हुई है। यह मेरे फरीदाबाद स्थित घर पर हुआ, मैंने पुलिस को इस घटना की जानकारी दे दी है। आपको बता दें कि घटना के बाद का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें कुछ संदिग्ध सामान ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 6 अलग अलग टीमों का गठन किया।

लंदन 2012 ओलंपिक गेम्स में मैरीकॉम ने कांस्य पदक जीता था। हालांकि इसके बाद उन्होंने कुछ दिनों के लिए खेल से ब्रेक लिया था। उन्होंने दिल्ली में आयोजित 2018 विश्व चैंपियनशिप में वापसी की, वहां उन्होंने टॉप पर अपनी जगह पक्की की।

उन्होंने यूक्रेन की हन्ना ओखोटा को 5-0 से हराकर अपना छठा विश्व खिताब जीता। एक साल बाद, उन्होंने अपना आठवां विश्व पदक जीता, जो किसी भी पुरुष या महिला मुक्केबाज द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदक हैं।

# शैलेश की छलांग से भारत को पहला स्वर्ण पदक

## -वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में देश का खाता खुला

**नई दिल्ली.** शैलेश कुमार और वरुण सिंह भाटी ने 27 सितंबर को मेन्स हाई जंप टी 63-टी 42 इवेंट में क्रमशः गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेजबान भारत का खाता खोला। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने वूमेन्स 100 मीटर टी 71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 25 साल के शैलेश ने टी 42 वर्ग में 1.91 मीटर के व्यक्तिगत




सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चैंपियनशिप रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

बिहार के जमुई जिले के इस्लाम नगर गांव में एक किसान परिवार में जन्मे शैलेश के दाहिने पैर में बचपन में ही पोलियो हो गया था। शैलेश ने जीत के बाद पीटीआई-भाषा से कहा कि जब वह स्कूल में थे तो सामान्य खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते थे। लोग उन्हें कहते थे कि वह खेल क्यों रहे हैं। वे कहते थे कि कोई नौकरी कर लो या कुछ और करो।

भाटी और फ्रेच दोनों ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने 'काउंट-बैक' में भारतीय खिलाड़ी को हरा दिया। इस इवेंट में शामिल तीसरे भारतीय राहुल 1.78 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चौथे स्थान पर रहे। शैलेश, भाटी और राहुल टी42 एथलीट हैं जिनके घुटने के ऊपर एक अंग विच्छेदन हुआ हो या एक समान दिव्यांगता हो। टी63 वर्गीकरण उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके घुटने के पास दिव्यांगता हो। टी63 और टी42 एथलीटों को एक ही इवेंट में शामिल किया जा सकता है और शनिवार को भी यही प्रक्रिया अपनाई गई।

**भाटी ने जीता कांस्य**

उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने 2016 के रियो पैरालिंपिक में देखा कि यह खेल उनकी कैटेगिरी में होता है, तब उन्होंने पैरा गेम्स में शुरुआत करने का फैसला किया। पैरा एशियन गेम्स के पूर्व पदक विजेता भाटी ने कांस्य पदक जीता जबकि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अमेरिका के एज्रा फ्रेच ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

# अगरकर की टीम में नई एंट्री

**नई दिल्ली.** भारतीय पुरुष सीनियर क्रिकेट टीम की चयन समिति में दो नए नाम जुड़ गए हैं। अजीत अगरकर चयन समिति के अध्यक्ष हैं। इसमें भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा और तेज गेंदबाज आरपी सिंह शामिल किए गए हैं। यह बदलाव एस शरथ और सुब्रोतो बनर्जी के चयन समिति से हटने के बाद हुआ है। आरपी सिंह के साथ ही प्रज्ञान ओझा का इंटरनेशनल करियर काफी सफल रहा है। इस समिति में शिव सुंदर दास और अजय रात्रा शामिल हैं।

दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जबकि मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। महिला समिति में श्यामा डे और जया शर्मा भी शामिल हैं। वहीं, एस शरत को जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर चयन समिति का हिस्सा थे।

आरपी सिंह 2007 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में कमाल की बॉलिंग की थी। फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ भी आरपी ने 3 विकेट लिए थे। अब वे राष्ट्रीय सीनियर चयन समिति के सदस्य के रूप में अपनी नई भूमिका निभाएंगे। आरपी ने भारत के लिए 14 टेस्ट के अलावा 58 वनडे और 10 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले।

# हसीना के बाद यूनुस सरकार की सख्त राजनीति

## > अवामी लीग पर कड़ी कार्रवाई शुरू

ढाका. बांग्लादेश में पिछले साल सरकार के खिलाफ छिड़े विरोध प्रदर्शन के बाद अब शेख हसीना की पार्टी की देश में काफी बुरी हालत है. पिछले साल 5 अगस्त को तख्तापलट होने के बाद शेख हसीना को देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था. इसी के बाद से अब उनकी पार्टी अवामी लीग बिखरती जा रही है. पार्टी देश में बैन है.

बांग्लादेश में 2026 में आम चुनाव प्रस्तावित किए गए हैं. वहीं, दूसरी तरफ अवामी लीग राजधानी ढाका में जुलूस निकाल रही है. श्यामोली इलाके में 16 सितंबर को प्रतिबंधित अवामी लीग ने अचानक जुलूस निकाला. इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया.



अवामी लीग के जुलूस में से पुलिस ने अब तक कई लोगों को हिरासत में लिया है.

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि इन आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जो भेदभाव-विरोधी छात्र आंदोलन, जुलूसों या फिर शेख हसीना सरकार के पतन के बाद विरोधी-सरकार और राज्य विरोधी गतिविधियों में शामिल थे. इनमें से कुछ पदाधिकारी हैं, जबकि कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें अवामी लीग या उस समय की सरकार का सहयोगी होने का आरोप था.

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के आंकड़े बताते हैं कि अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों और प्रतिबंधित छात्र लीग के अवैध जुलूसों और कार्यक्रमों के संबंध में राजधानी में 97 मामले आतंकवाद-रोधी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए. इन मामलों में 1,123 लोगों को गिरफ्तार किया गया. इनमें से 403 को पहले ही जमानत मिल चुकी है. इसी बीच 24 सितंबर को भी अवामी लीग की मार्च की तैयारी थी. मार्च की तैयारी की सूचना मिलने पर पुलिस फौरन एक्टिव हो गई. पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर मोर्चा संभाल लिया. बाद में फ्लै मार्च के दौरान 244 लोगों को गिरफ्तार किया गया.

### 44000 वर्कर्स अरेस्ट

पुलिस ने इस बीच जानकारी दी है कि पूरे एक साल में (पिछले साल 5 अगस्त से लेकर इस साल 3 सितंबर तक) कितने लोगों को अरेस्ट किया गया है.फासीवाद में शामिल व्यक्तियों की गिरफ्तारी और जमानत की जानकारी के नाम वाली एक पुलिस रिपोर्ट कहती है कि इन 13 महीनों में ऐसे व्यक्तियों की गिरफ्तारी की संख्या 44,472 है. यानी इन 13 महीनों में 44 हजार से ज्यादा अवामी लीग के वर्कर्स को अरेस्ट किया गया है. इनमें से 32,371 को जमानत मिल चुकी है. यानी कुल आरोपियों में से लगभग 73 प्रतिशत को जमानत दी गई है.

# गज़वा-ए-हिंद होगी नरक की राह

## सीएम योगी की कड़ी चेतावनी

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बलरामपुर के घूघुलपुर में हैं. उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए चेतावनी दी की भारत में रहकर गजवा ए हिंद के नाम पर हिंसा करने वाले नर्क जाने का रास्ता देखलें. योगी ने साफ किया कि अगर को उपद्रव करेगा, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा,कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं. गजवा-ए-हिंद भारत की धरती पर नहीं होगा, भारत की धरती महान आत्माओं की धरती है. यह उन महान आत्माओं के आदर्शों से निर्देशित होगी, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दी.साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "गज़वा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा... जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें, देर-सवेर उनका भी छांगुर जैसा ही हश्र होगा. योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में आगे कहा कि एक तरफ विकास बेरोकटोक रफ्तार से हो रहा है और दूसरी तरफ कुछ ऐसे तत्व भी हैं जो विकास में बाधा डाल रहे हैं. योगी ने कहा ऐसे लोग त्योहारों के दौरान व्यवधान पैदा करना चाहते हैं, अराजकता को वो अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं. मैं उन्हें यहां चेतावनी देता हूं कि अगर आप विकास में बाधा बनेंगे, तो ये मानकर चलें कि यही विकास सबसे पहले आपके विनाश का कारण बनेगा.

सीएम योगी ने त्योहारों के दौरान हुई घटनाओं पर तंज करते हुए कहा कि अगर कोई त्योहारों और उत्सवों के दौरान व्यवधान पैदा करने की कोशिश करेगा, तो उसे इस व्यवधान की कीमत चुकानी पड़ेगी, जिसे उसकी आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेंगी.

# जुबीन गर्ग मामले में जांच की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली.**

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है. 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई मौत उनकी मौत का कारण अधिकारिक रिपोर्ट में समुद्र डूबना बताया गया है. लेकिन उनके परिवार को मौत की पीछे किसी साजिश का अंदेशा है. जुबीन परिवार ने असम आपराधिक जांच विभाग में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है. यह शिकायत गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग, उनकी भाभी पामी बरठाकुर और उनके चाचा मनोज बोरठाकुर की ओर से दर्ज कराई गई है. घटना के समय वे नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए थे, जहां वे 20 सितंबर को परफॉर्म करने वाले थे. उनकी पत्नी गरिमा सैकिया ने कहा कि यह स्कूबा डाइविंग दुर्घटना नहीं थी, बल्कि दोस्तों के साथ तैरते समय हुई है. बता दें, सिंगापुर में ऑटोप्सी और असम में दूसरा पोस्टमॉर्टम भी डूबने को ही कारण मानता है, जिसमें कोई फाउल प्ले नहीं पाया गया है.

सिंगर के परिवार ने उनके मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट



फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत पर लापरवाही का आरोप लगाए हैं. उनके खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज करा दी गई है. सूत्रों के मुताबिक शिकायत में सिंगापुर यात्रा में शामिल सभी सदस्यों का भी जिक्र है, जिनमें सिंगापुर में रहने वाले असमिया लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गर्ग को यॉट पार्टी में आमंत्रित किया था.


जुबीन की मौत की जांच कर रही, स्पेशल टीम ने फेस्टिवल के आयोजक और गर्ग के मैनेजर को 6 अक्टूबर तक जांच में शामिल होने के लिए समन जारी किया है. गर्ग के साथ मिनी शिप पर मौजूद असम के एक दर्जन अन्य लोगों को भी जांच में शामिल होने के लिए समन जारी किया गया है. इस मामले पर असम के मुख्यमंत्री ने कहा,'हमने उन्हें 6 अक्टूबर तक का समय दिया है. समन सिंगापुर स्थित भारतीय दूतावास के जरिए भेजे गए हैं. सिद्धार्थ सरमा और श्यामकानु महंत के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से लुकआउट नोटिस पहले ही जारी किए जा चुके हैं ताकि उन्हें किसी अन्य देश में भागने से रोका जा सके. 52 साल के सिंगर जुबीन गर्र की पिछले हफ्ते सिंगापुर में समुद्र में तैरने गए थे, जहां उनकी पानी में डूबने से मौत हो गई. वह 20 सितंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने के लिए सिंगापुर गए थे. हालांकि, गायक की मौत के बाद इस दावे को खारिज किया गया है और मौत की वजह की जांच हो रही है.

# जयशंकर के यूएन भाषण पर पाकिस्तान का बड़ा संकट

**नई दिल्ली.**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बिना नाम लिये आतंकवाद पर दिए गए बयान में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की थी. उनके इस बयान में आतंकवाद और उसको पनाह देने वाले देश का जिक्र था, लेकिन नाम किसी देश का नहीं लिया गया था.

जयशंकर की ओर से पाकिस्तान की कलई खोलने के बाद, पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के बारे में दुर्भावनापूर्ण आरोपों के जरिए पाकिस्तान को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है. जबकि जयशंकर के बयान में आतंकवाद का जिक्र था, लेकिन पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया था. भारत ने पाकिस्तान की इस प्रतिक्रिया को सीमा पार आतंकवाद की उसकी लंबी प्रथा को कबूलना बताया है. क्योंकि विदेश मंत्री एस.



जयशंकर की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में उसका नाम नहीं लिया गया था, फिर भी आतंकवाद पर उसने जवाब दिया. शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस में अपने संबोधन के दौरान, जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा,'बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हमलों के तार उसी एक देश से जुड़े होते हैं. उन्होंने कहा कि भारत आजादी के बाद से ही आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है. पाकिस्तान के जवाब का जवाब देते हुए, भारत ने कहा कि यह यह दिखाता है कि एक पड़ोसी, जिसका नाम नहीं लिया गया था, ने फिर भी जवाब देने और सीमा पार आतंकवाद की अपनी लंबे समय से चली आ रही गतिविधियों को स्वीकार करने का विकल्प चुना. श्रीनिवास ने भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा,'कोई भी तर्क या झूठ आतंकवादियों के अपराधों को कभी भी ढक नहीं सकता! पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने फिर से जवाब देने के लिए मंच संभाला, लेकिन पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बोलते समय श्रीनिवास हॉल से बाहर चले गए.

# लाइव टॉर्चर और 3 लड़कियों की हत्या, सड़कों पर प्रदर्शन तेज

**ब्युनस आयर्स.**

अर्जेंटीना में तीन लड़कियों की बेरहमी से हत्या के बाद पूरे देश में दुख और गुस्सा है. ये हत्या इतनी भयानक थी कि लोगों का दिल दहल गया. हत्या और टार्चर का वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम लाइव किया गया, जिसे लगभग 45 लोगों ने देखा. ये घटना सामने आने के बाद राजधानी ब्यूनस आयर्स समेत देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए. लोगों ने अर्जेंटीना की संसद तक मार्च निकाला.

मृतक लड़कियों के नाम हैं लारा गुटिरेज (15 साल) और ब्रेंडा डेल कास्टिलो और मोरेना वेरदी (दोनों 20 साल की चचेरी बहनें). ये तीनों 19 सितंबर को एक पार्टी में जाने के बाद लापता हो गई थीं. पांच दिन बाद पुलिस को उनके शव एक घर के पीछे जमीन में दबे मिले.

पुलिस की जांच में पता चला है कि इन लड़कियों को पहले बहुत बुरी तरह पीटा गया. उनके नाखून निकाले गए, उंगलियां काट दी गईं, और फिर उन्हें मार दिया गया. कहा जा रहा है कि यह काम एक ड्रग गैंग ने किया क्योंकि उन्हें शक था कि इन लड़कियों ने उनसे ड्रग्स चुराई थी. एक वीडियो में गैंग का सरगना कहता है , जो मुझसे ड्रग्स चुराएगा, उसका यही हाल होगा. एक लड़की ब्रेंडा के पिता ने कहा कि वह अपनी बेटी की हालत देखकर उसे पहचान भी नहीं पाए. उसके दादा ने कहा कि जो इन लड़कियों के साथ हुआ, वो किसी जानवर के साथ भी नहीं किया जाता.

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पूरी घटना एक प्राइवेट इंस्टाग्राम अकाउंट से लाइव की गई थी. लेकिन इंस्टाग्राम की कंपनी मेटा ने कहा कि उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है. वे पुलिस की जांच में मदद कर रहे हैं. लड़कियों की हत्या के बाद हजारों लोग सड़कों पर उतरे. उन्होंने बैनर लेकर प्रदर्शन किया जिन पर लिखा था, हमारी जिंदगी की कोई कीमत नहीं? और यह नार्को-फेमिनिसाइड है यानी लड़कियों की हत्या ड्रग तस्करों ने की है.

# बीएसएफ ने पकड़ा 1.29 करोड़ का सोना

**ढाका.**

पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में बीएसएफ ने 1.29 करोड़ रुपये का सोना पकड़ा है। यह सोना भारत से तस्करी करके भारत में लाया जा रहा था। बंगाल के दक्षिणी हिस्से पर बांग्लादेश से लगने वाली सीमा पर बीएसएफ ने तस्करी की यह कोशिश नाकाम की है। बीएसएफ अधिकारियों ने 1.29 करोड़ रुपये के सोने के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। सीमा चौकी तराली-1 पर बीएसएफ को सूचना मिली थी कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक तस्कर सोने की तस्कीर कर रहा है। बीएसएफ ने 26 सितंबर की सुबह तस्कर को पकड़ा है। तराली-1 सीमा चौकी के हकीमपुर चेक पोस्ट पर तस्करी की संभावित कोशिश की सूचना मिलने के बाद, बीएसएफ ने सभी संवेदनशील मार्गों और स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी। सुबह करीब 9 बजे, हकीमपुर बाजार से स्वरूपदाह की ओर जा रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। वाहन की गहन तलाशी लेने पर उसमें छिपे 10 छोटे पैकेट बरामद हुए, जिनमें 20 सोने के बिस्कुट थे। तस्कर को तुरंत हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ के लिए हकीमपुर सीमा चौकी ले जाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में तस्कर ने सीमा पार से सोना लाने की बात कबूल की। इस तस्करी



में शामिल व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए वर्तमान में विस्तृत जांच चल रही है। गिरफ्तार तस्कर और जब्त सोने को कानूनी कार्रवाई के लिए उपयुक्त अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। बीएसएफ की तरफ से आग्रह किया गया है कि अगर किसी भी स्थानीय व्यक्ति को सोने की तस्करी के बारे में पता चलता है या कोई संदिग्ध गतिविधि देखते हैं तो बीएसएफ की सीमा साथी हेल्पलाइन 14419 या 9903472227 पर व्हाट्सएप/वॉयस मैसेज के जरिए सूचना दे सकते हैं। बीएसएफ की मदद करने वाले व्यक्ति को उचित पुरस्कार दिया जाएगा और उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# हवा में लटका विशाल झूला

## चीख-पुकार मचने से अफरा-तफरी

**भोपाल.**

मध्य प्रदेश के रायसेन से दिल को झकझोर कर रख देने वाला वीडियो सामने आया है. यहां एक मेले में विशाल झूला चलते-चलते अचानक से टूटा. फिर एक तरफ झुक गया. इस कारण झूले में बैठे लोग हवा में लटक गए. झूले में बैठे लोग मदद के लिए पुकारने लगे. मौके पर मौजूद पुलिस बल और स्थानीय लोगों ने तुरंत झूले पर चढ़कर सभी लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा. इस त्वरित बचाव अभियान से एक बड़ा हादसा टल गया. देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया ने बताया कि झूला, पैरों से चलने वाला झूला था. जो एक कुंदा टूटने के कारण वो एक तरफ तिरछा हो गया था. उन्होंने पुष्टि की कि झूले में बैठे सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी को खरोंच तक नहीं आई है.

जानकारी के मुताबिक, रायसेन जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर सागर रोड पर स्थित सुप्रसिद्ध खंडेरा वाली माता मंदिर में मेला लगा है. यहीं मेला परिसर में लगा एक विशाल झूला शनिवार को दोपहर में करीब तीन बजे अचानक एक तरफ झुक गया. जिससे झूले में बैठ रहे लोग दहशत में आ गए और चीख-पुकार मच गई. शुक्र है कि बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन इस घटनाक्रम ने जिला प्रशासन और पुलिस के इंतजाम पर सवाल खड़े कर दिए हैं. इस मामले में स्थानीय प्रशासन



की लापरवाही उजागर हुई. किसी भी अफसर ने झूलों की व्यवस्था की तरफ ध्यान नहीं दिया.

पुलिस ने बताया- खंडेरा वाली माता के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं. यहां मेला भी लगता है, जिसमें महिलाएं और बच्चे झूला झुलने का आनंद भी लेते हैं. लेकिन शनिवार को यहां एक झूला अचानक एक तरफ झुक गया. उस समय इसमें बड़ी संख्या में बच्चे, युवक और महिलाएं सवार थीं. झूला झुकने के कारण वे अधर में ही लटक गए और डर के मारे चिल्लाने लगे. इस दौरान सूचना मिलते ही परिसर में तैनात नकतरा चौकी का पुलिस बल पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से झूले पर चढ़कर सभी लोगों को एक-एक करके उतारा गया. गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई. सभी सही सलामत हैं.

# आसिम मुनीर ने ट्रंप को बताया पाकिस्तान का खजाना

**वाशिंगटन.**

संयुक्त राष्ट्र की महासभा के इतर शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर ने डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की. इस मुलाकात के लिए शरीफ और आसिम मुनीर इतना उतावले थे कि आसिम ने अपनी वर्दी उतार अमेरिकी ओवल ऑफिस के लिए एक ब्रांड न्यू सूट पहन लिया. पूरी बैठक में ऐसा प्रतीत हुआ कि दोनों नेता ट्रंप को खुश करने में लगे हैं. इस मीटिंग का एक फोटो वायरल हो रहा है, जिसमें मुनीर डोनाल्ड ट्रंप को एक बॉक्स में कुछ दिखा रहे हैं. ऐसा प्रतीत हो रहा कि वह पाकिस्तान की खदानों से धातु, रेयर अर्थ और कीमती पत्थरों का गिफ्ट दे रहे हैं. जिसके बाद कहा जा रहा है कि आसिम मुनीर पाकिस्तान की रिसोर्सिस को ट्रंप के सामने बेचने के लिए तैयार हैं. व्हाइट हाउस की इस तस्वीर ने कई तरह की बहस को जन्म दिया है. कहा जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा आदि में दुर्लभ खनिजों के अधिकार ट्रंप को सौंपकर पाकिस्तान को अमेरिका को बेच दिया है. बता दें, अभी तक इन क्षेत्रों में चीन विशेष अधिकार का था और उसकी कंपनियां यहां काम कर रही थी. ट्रंप



एक बिजनेसमैन हैं और कोई आश्चर्य नहीं कि वह व्यापार के लिए पाकिस्तान को अमेरिका का सबसे अच्छा दोस्त भी कह दें.

बता दें, कि 8 सितंबर को इस्लामाबाद में अमेरिकी कंपनी यूनाइटेड स्टेट्स स्ट्रैटेजिक मेटल्स के साथ एक हाई-प्रोफाइल डील साइन की गई थी, जहां शरीफ और मुनीर ने अमेरिकी कंपनी के साथ दो समझौते किए थे.

इन समझौतों में एंटीमनी, तांबा, सोना, टंगस्टन और दुर्लभ मृदा तत्वों सहित महत्वपूर्ण खनिजों का निर्यात शामिल है, और साथ ही इसमें पाकिस्तान के अंदर ही माइनिंग फैसिलिटी बनानो शामिल है. शरीफ के ऑफिस ने कहा कि पहले चरण में लगभग 500 मिलियन डॉलर का अमेरिकी निवेश शामिल है. हालांकि समझौते में बाध्यकारी खनन लाइसेंस शामिल नहीं हैं.

# रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

## 12 घंटे में दागे गए 500 ड्रोन और 40 मिसाइलें

**मास्को.**

रूस ने रविवार को यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया. यह हमला 12 घंटे से ज्यादा चला, जिसमें रूस ने करीब 500 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं. इनमें खतरनाक हाइपरसोनिक किंझाल मिसाइलें भी शामिल थीं. हमले में 4 लोगों की मौत हो गई, 40 से ज्यादा लोग घायल हुए. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इसे साधारण शहरों पर जानबूझकर किया गया आतंक बताया.

हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव और उसके आस-पास के इलाके रहे. इसके अलावा ओडेसा, जापोरिज्जिया, सुमी, मिकोलेव, चेर्नीहीव और खमेलनित्सकी जैसे शहर भी निशाने पर रहे. कीव में कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग पर सीधा




हमला हुआ, जहां एक 12 साल की बच्ची समेत 4 लोगों की मौत हो गई.

**रूस ने सशर्त बातचीत की पेशकश की :** इस हमले के तुरंत बाद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन पहले उसकी सुरक्षा चिंताओं और रूसी भाषी लोगों के अधिकारों को समझा और माना जाए. तभी रूस शांति समझौते की बात करेगा. उधर, यूक्रेन का कहना है कि वह रूस के हर हमले का जवाब देगा और शांति के लिए वैश्विक समर्थन की जरूरत है. यह हमला संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक खत्म होने के कुछ ही दिन बाद हुआ है. जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की असली मंशा दिखाता है, वह शांति नहीं, बल्कि युद्ध चाहता है. यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि रूस को आगे की किसी भी बढ़ोतरी की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी.

### रिहायशी इलाके बुरी तरह तबाह

राहत और बचाव कार्य के लिए टीमें लगाई गई हैं. रिहायशी इमारतें, ब्रेड फैक्ट्री, टायर फैक्ट्री जैसी कई जगहें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं. जेलेंस्की ने कहा कि रूस यह दिखाना चाहता है कि वह अब भी लड़ाई जारी रखना चाहता है और दुनिया को चुनौती दे रहा है. उन्होंने अमेरिका, यूरोप और बाकी दुनिया से अपील की कि रूस की ऊर्जा आय को बंद किया जाए और उस पर कड़ा आर्थिक दबाव बनाया जाए.

# खौलते दूध में गिरी 16 माह की बच्ची, दर्दनाक मौत

**अनंतपुर.** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां कोर्रापाडु गांव में उबलते दूध के बर्तन में गिर जाने से एक बच्चे की मौत हो गई। यह घटना एक गुरुकुल विद्यालय की बताई जा रही है। वहीं बच्ची की उम्र महज 16 महीने थी। जानकारी के मुताबिक बच्ची की मां स्कूल में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करती है। वहीं बच्ची स्कूल में ही एक बिल्ली का पीछा करते करते दूध के बर्तन के पास चली गई और गलती से उसमें गिर गई। घटना के बाद आनन-फानन में बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

अनंतपुर ग्रामीण पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) टी वेंकटसुलु ने घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये घटना 20 सितंबर की है। यहां एक बच्ची बिल्ली का पीछा करते हुए विद्यालय के रसोई घर में चली गई और वहां उबलते हुए दूध के बर्तन में गिर गई। उन्होंने बताया, "गुरुकुल में उबले हुए दूध के बर्तन में गलती से गिरने वाली 16 महीने की बच्ची की 23 सितंबर को मौत हो गई।" उन्होंने बताया कि घटना में गंभीर रूप से झुलसने के बाद बच्ची को स्थानीय सरकारी जनरल अस्पताल (जीजीएच) ले जाया गया था, उसके बाद उसे कुरनूल के एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि तीन दिन तक उपचार के बाद बच्ची ने 23 सितंबर को दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि बच्ची की मां चल्ला कृष्णावेनी स्कूल में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करती हैं। घटना के समय वह कॉफी बनाने के लिए रसोई में गई थीं। अपनी बेटी की चीखें सुनकर, वह उसे बचाने दौड़ीं, उसके जले हुए हिस्से पर पानी डाला और जीजीएच अस्पताल पहुंचाया।

# देश को वीटो पावर क्यों नहीं मिल पा रहा?

**नई दिल्ली.**

देश समय के साथ वैश्विक स्तर पर अहम भूमिका निभा रहा है. दुनिया के कई देश भारत की प्रतिभा को पहचान रहे हैं. रूस-यूक्रेन युद्ध में भी शांति वार्ता को लेकर देश अहम रोल निभा रहा है. इस बीच कई देश अब इस समर्थन में आ गए हैं कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रमानेंट सदस्य बनाया जाए.

हाल ही में रूस, भूटान, मॉरीशस, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और खुद संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात का समर्थन किया है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए. यह जानने से पहले की भारत को स्थायी सदस्यता क्यों नहीं मिली है. यह जानना जरूरी है कि सुरक्षा परिषद क्या है. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूएन का सबसे शक्तिशाली अंग है.

इसका काम है, दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखना, युद्ध और संघर्ष को रोकना,अंतरराष्ट्रीय विवादों को हल करना, जरूरत पड़ने पर प्रतिबंध या सैन्य कार्रवाई की अनुमति देना. सुरक्षा परिषद में 15 सदस्य देश होते हैं. जिसमें से 5 स्थायी सदस्य होते हैं. यह स्थायी सदस्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन हैं.

इन्हें वीटो पावर होती है यानी अगर इनमें से कोई एक भी 'ना' कह दे तो प्रस्ताव पास नहीं हो सकता. वहीं, परिषद में 10 अस्थायी सदस्य होते हैं.

इनका चुनाव 2 साल के लिए किया जाता है और ये बदलते रहते हैं. भारत भी परिषद का अस्थायी सदस्य ही है. किसी देश पर प्रतिबंध लगाना (जैसे आर्थिक, राजनीतिक, सैन्य) शांति मिशन भेजना जरूरत पड़ने पर सैन्य बलों की मंजूरी देना. किसी देश या नेता को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में भेजने की सिफारिश करना.

इस बीच अब तक कई देश भारत को परिषद का स्थायी सदस्य बनाने का समर्थन कर रहे हैं. रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूएनएससी में सुधार जरूरी है क्योंकि आज का वैश्विक संतुलन 80 साल पहले की स्थापना के समय) जैसा नहीं है. रूस ने भारत और ब्राजील की स्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन किया.